भीलवाड़ा, गुरुवार 7 नवंबर, 2024

RNI NO. RAJHIN/2016/74127

# नमस्ते राजस्थान



वर्ष: 09: अंक: 01 | E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com | भीलवाड़ा संस्करण | पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र | मो. 9214417111, 8005910698

### जोधपुर ब्यूटीशियन हत्याकांड

## आरोपियों से मोबाइल पर बात करती थी: राजस्थान सहित तीन राज्यों में छापेमारी कर रही पुलिस, 7 दिन से परिवारवालों ने शव नहीं उठाया

नमस्ते राजस्थान

**जोधपुर।** जोधपुर में 50 साल की ब्यूटीशियन अनीता चौधरी मर्डर केस में कई चौंकाने वाली जानकारी पुलिस को मिली है। अनीता (मृतक) और आरोपी गुलामुद्दीन फारूकी (42) व प्रॉपर्टी डीलर तैयब अंसारी (55) के बीच बातचीत होती थी। फोन की सीडीआर से पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं।

आशंका जताई जा रही है कि अनीता की मौत के पीछे प्रॉपर्टी का विवाद भी हो सकता है। ऐसे में अब पुलिस अनीता के नाम जो भी प्रॉपर्टी है, उसकी जानकारी जुटा रही है।

### तैयब के घर व ऑफिस से दस्तावेज बरामद

पुलिस ने मंगलवार को तैयब अंसारी के कमला नेहरू स्थित घर व सरदारपुरा सी रोड स्थित ऑफिस की जांच की थी। यहां से पुलिस ने मोबाइल, लैपटॉप, कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित कई दस्तावेज बरामद किए हैं। जानकारी में यह भी आ रहा है कि पुलिस अंसारी से जुड़े और भी लोगों से इस मामले में पूछताछ कर सकती है। इसमें पाली व जोधपुर के कई प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हैं।



अनीता चौधरी | गुलामुद्दीन फारूकी | तैयब अंसारी

### तीन साल पहले ऑटो चलता था अंसारी

तैयब अंसारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष है। करीब 30 साल पहले तक पाली में ऑटो चलाने वाले तैयब अंसारी ने अब पाली के साथ जोधपुर में प्रॉपर्टी का कारोबार सेटअप कर रखा है। पता चला है कि पाली के घीसू नाम का प्रॉपर्टी कारोबारी तैयब अंसारी को अपने साथ जोधपुर ले गया था। इसके बाद अंसारी खुद भी जोधपुर में प्रॉपर्टी का काम करने लगा। जोधपुर में सोजती गेट इलाके में एक होटल व जैसलमेर बाइपास पर एक फार्म हाउस कम मैरिज गार्डन बना रखा है। पाली में जोधपुर रोड पर भी एक फार्म हाउस बना रखा है। इन दोनों फार्म हाउस पर वह कुछ नेता-अफसरों के साथ पार्टियां कर चुका है। अंसारी ने पाली में कुछ जगह विवादित जमीन भी ले रखी है। इसको लेकर पहले विवाद हो चुका है। अंसारी पाली, जोधपुर इलाके में प्रॉपर्टी का काम करता है।

### कैमरों से बचने के लिए मीडियाकर्मियों के हाथ जोड़े

मंगलवार को जोधपुर पुलिस इस मामले में पूछताछ करते हुए अंसारी को लेकर जोधपुर में कमला नेहरू नगर स्थित उसके बंगले पर पहुंची। जहां अंसारी कैमरों से बचने के लिए मीडियाकर्मियों के सामने हाथ जोड़ता रहा। सूत्रों ने बताया कि अनीता की सहेली सुमन ने पाली के फार्म हाउस में ले जाकर अनीता के साथ अनहोनी की आशंका जताई थी। इसका पता लगाने के लिए टीम अंसारी को लेकर एक-दो दिन में पाली लेकर जा सकती है।

### कौन है तैयब अंसारी

अनीता के पति मनमोहन और उसकी सहेली सुमन का ऑडियो सामने आने के बाद तैयब अंसारी का नाम सामने आया था। आरोप है कि अनीता को गायब करने और उसका मर्डर करने में तैयब अंसारी का हाथ हो सकता है। अंसारी की राजनीतिक दलों में भी अच्छी पकड़ है। मारवाड़ के इलाकों में विवादित प्रॉपर्टी को लेकर कई बार तैयब अंसारी का नाम सामने आ चुका है। परिजनों ने अनीता का शव अब तक नहीं लिया है। परिवार 31 अक्टूबर से सरदारपुरा स्थित तेजा मंदिर पर धरने पर बैठा है। वहीं, पुलिस के अनुसार अनीता मर्डर केस में अब तक 24 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। हत्याकांड को लेकर गुलामुद्दीन की पत्नी आबिदा परवीन पुलिस रिमांड पर है। पुलिस ने करीब 30 मोबाइल भी जब्त किए हैं।

### गुलामुद्दीन की पत्नी ने कहा- और भी आदमी शामिल

गुलामुद्दीन की पत्नी आबीदा परवीन ने पुलिस को बताया कि अनीता की हत्या में वह शामिल नहीं थी। वह अपनी बहन के घर गई हुई थी। आबीदा ने बताया कि गुलामुद्दीन ने फोन पर बताया था कि वह और आदमियों के साथ हत्या करने वाला है। जब वह लौटकर घर आई तब गुलामुद्दीन ने बताया कि लाश घर के बाहर गाड़ दी है।

### 3 राज्यों में पुलिस कर रही तलाश

अनीता की हत्या के मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन को पकड़ने के लिए पुलिस ने करीब 7 टीमें बनाई हैं। इन टीमों ने राजस्थान के पाली, उदयपुर व नगौर जिलों में कई ठिकानों पर दबिश दी है। इसके अलावा पुलिस की टीमें गुजरात, महाराष्ट्र में गुलामुद्दीन की खोज कर रही हैं।

## बच्ची से रेप-टुकड़े, फैसला सुनाते हुए जज भी भावुक हुए

### *जजमेंट में 10 लाइन की कविता भी लिखी- मैं अपने उपवन की नन्हीं कली थी...*

नमस्ते राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर में 8 साल की बच्ची से रेप, हत्या और शव के 10 टुकड़े करने के मामले में फांसी की सजा सुनाने वाले जज ने अपने फैसले में एक कविता भी लिखी है। पॉक्सो-2 कोर्ट के जज संजय भटनागर ने लिखा कि- आरोपी कमलेश राजपूत (21) द्वारा नाबालिग के साथ रेप और हत्या का अपराध किया जा रहा था। तब निश्चित रूप से उस बेटी की आत्मा से आह और पीड़ा की कल्पना इस कविता से की जा सकती है। वो 10 लाइन की भावुक कविता ...

### आरोपी के मां-बाप को लेकर भी टिप्पणी

जज संजय भटनागर ने फैसले में टिप्पणी करते हुए लिखा- आरोपी कमलेश राजपूत ने घिनौना और मानवता के खिलाफ अपराध किया है। वहीं, आरोपी के माता-पिता ने इकलौते बेटे के प्रेम में वशीभूत होकर कानून की मदद नहीं करते हुए उसे बचाने का प्रयास किया। बता दें, इस मामले में आरोपी कमलेश राजपूत को दो दिन पहले (4 नवंबर को) कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। उसके माता-पिता को साक्ष्य मिटाने और सहयोग करने के आरोप में 4-4 साल की सजा सुनाई। हालांकि, आरोपी के माता-पिता को तुरंत ही जमानत भी मिल गई थी।

आरोपी के वकील गोविंद वैष्णव ने बचाव में कोर्ट में कई तरह के तर्क पेश किए थे। उन्होंने कहा कि परिवार बीपीएल श्रेणी से आता है और गरीब है। वहीं, आरोपी युवा है और उसके माता-पिता का इकलौता बेटा है। माता-पिता बुजुर्ग हैं और गरीब होने से वे स्वयं का वकील तक नहीं कर पाए।




### क्या है केस...

29 मार्च 2023 को मावली थाना में बच्ची के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रिपोर्ट में बताया था कि बेटी दोपहर 4 बजे स्कूल से घर आई थी। ड्रेस बदलकर ताउजी के पास जाने का कहकर निकली थी। तब से वापस नहीं लौटी। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से तलाश शुरू की। एक अप्रैल को पीड़िता का शव एक खंडहर में एक बोरे में पड़ा मिला था। उसी दिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। घटना के दिन आरोपी घर में अकेला था। उसके माता-पिता घर नहीं थे। वह खिड़की में बैठकर मोबाइल पर पोर्न मूवी देख रहा था। उसे चॉकलेट का लालच देकर बच्ची को घर में बुलाया और उसके साथ रेप किया। बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसी दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। इसे बाद आरोपी ने बच्ची के शव के 10 टुकड़े किए और माता-पिता की मदद से शव को घर से करीब 200 मीटर दूर एक खंडहर में फेंक आया।

## जयपुर में 2 करोड़ के आईफोन-टैबलेट चोरी: 500 मीटर दूर पुलिस स्टेशन, 20 मिनट तक शोरूम के अंदर लूटपाट

**जयपुर।** जयपुर में 20 मिनट में तीन बदमाश 2 करोड़ रुपए के एप्पल के गैजेट्स और आईफोन चुराकर फरार हो गए। वारदात जवाहर नगर थाना इलाके के एक मोबाइल शोरूम में गुरुवार सुबह चार बजे की है।

शोरूम का शटर टूटा देखकर आसपास के लोगों ने दुकान मालिक और पुलिस को चोरी की जानकारी दी। लूटपाट का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस शोरूम से करीब 500 मीटर दूरी पर ही पुलिस स्टेशन है।

### 272 फोन और गैजेट्स ले गए बदमाश

दुकान मालिक रविंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 3:30 बजे बाइक पर तीन बदमाश आए थे। कुछ देर तक वे दुकान के आगे रैकी करते रहे। इसके बाद मौका देख बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़ दिया।

इनमें से 2 ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। बदमाश बैग भी साथ लेकर आए थे। उन्होंने आईफोन के साथ, मैक बुक, टैब और स्मार्ट वॉच समेत करीब 272 प्रोडक्ट्स चुरा लिए। आरोपी लगभग 20 मिनट तक दुकान के अंदर थे।

एसीपी शिवकुमार ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर तीनों बदमाशों के स्कैच को तैयार करवा कर इन्हें अलग-अलग थानों में सकुर्लेट कर दिया गया है। इसके अलावा टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# माता-पिता और दादी की मौत से अनजान बच्चे

## घर का गेट भी रिश्तेदारों ने खोला, दादा की हालत गंभीर; दोस्त बोला- 'बिना बताए चला गया'

नमस्ते राजस्थान

**मेड़ता।** जोधपुर में मंगलवार को हुए सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। हादसे में बचे एम्स में भर्ती 4 और 7 साल के बच्चे अपने माता-पिता और दादी की मौत से अब भी बेखबर है। वहीं दादा वेटिंलेटर पर है। बच्चे बार-बार अपने माता-पिता को देखने की बात बोल रहे है।

परिवार नागौर के मेड़ता लवकुश कॉलोनी का रहने वाला था। हादसे की खबर के बाद उनके घर का गेट खोलने वाला भी कोई नहीं बचा था। रिश्तेदारों ने आज सुबह पहुंचकर गेट का ताला तोड़ा और अंतिम संस्कार की तैयारी में लगे। पोस्टमार्टम के बाद शवों को जोधपुर से मेड़ता लाने की तैयारी की जा रही है।

### बच्चे रोते-रोते मम्मी-पापा के बारे में पूछते

जोधपुर में मंगलवार को ट्रक और कार की आमने-सामने की टक्कर हुई थी। हादसे में कार सवार इंद्रा सेन (48), उनका बेटा रमेश सेन (30) और बहू पार्वती सेन (28) की मौत हो गई थी। वहीं उनके पति कैलाश सेन (50), पोता गर्वित सेन (4) और बेटी खुशी सेन (6) घायल हो गए थे। दादा और उनके पोता-पोती अब भी जोधपुर एम्स में भर्ती है।

दोनों बच्चों को उनके माता-पिता और दादी की मौत के बारे में नहीं बताया गया है। वे हॉस्पिटल में मौजूद अपने रिश्तेदारों से उनके बारे में पूछते है लेकिन किसी की हिम्मत नहीं कि उन्हें इस बारे में बताया जाए। बच्चे इतने छोटे है कि रोते-रोते बस मम्मी-पापा बोल रहे है। वहीं बच्चों के दादा की हालत गंभीर बनी हुई है।



पार्वती सेन | रमेश सेन | इंदिरा सेन

### कॉलोनी में सन्नाटा, शोक जताने आए लोग

हादसे के बाद लवकुश कॉलोनी में शोक का माहौल है। जोधपुर में पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को मेड़ता लाने की तैयारी है। मोहल्ले के लोग और रिश्तेदार घर के बाहर शवों के आने का इंतजार कर रहे है। मंगलवार अलसुबह 4 बजे ही घर से निकला था। घर के गेट पर ताला लगाकर गए थे। ऐसे में हादसे के बाद के बाद घर के गेट का ताला खोलने वाला कोई नहीं था। सूचना के बाद दूसरे दिन बुधवार सुबह रिश्तेदार घर पहुंचे और गेट का ताला खुला। इसके बाद शोक जताने लोग आए और अंतिम संस्कार की तैयारी में लगे।

### बिना बताए गया मेरा दोस्त

रमेश के दोस्त अजय सैनी ने बताया वे और रमेश अच्छे दोस्त है। रमेश के साथ बिताए अच्छे पलों को याद करते हुए वे भावुक हो गए। वे बोले- रमेश की इच्छा थी कि उसका खुद का हेयर सैलून हो। दशहरे पर उसकी मन्नत भी पूरी हो गई थी। दोस्त ने बताया- रमेश कही घूमने जाता था तो बताकर जाता था। इस बार वो कुछ बोलकर नहीं गया। संभव है परिवार का जसोल माता (बालोतरा) जाने का अचानक प्लान बना हो। मंगलवार को उसके सैलून की छुट्?टी भी रखता था। दोस्त ने बताया- रमेश ने एक साल पहले ही कार खरीदी थी, जिसमें पूरा परिवार जसोल गया था।

### दुकान पर आज भी सजावट, उसकी मन्नत पूरी हुई

दोस्त ने बताया- रमेश का हेयर सैलून की दुकान खोलने का सपना था। इसके उसने मन्नत भी मांग रखी थी, जिसके बारे में उसे बताया था। विजयदशमी के दिन उसकी यह मन्नत पूरी हुई और उसने मेड़ता के गांधी चौक में अपनी हेयर सैलून की दुकान खोल ली। दीपावली के छह दिन पहले ही उसने दुकान को सजाया दिया था। दुकान पर लाइटिंग की थी और पूजा की थी। दुकान की सजावट अभी उतरी भी नहीं थी कि परिवार की सारी खुशियां गम में बदल गईं। इतना कहते-कहते अजय की आंखें भर आईं।

### खुशियों के पल बताते हुए दोस्त की आंखें भर आई

अजय ने बताया कि रमेश की खुद की हेयर सैलून की दुकान खोलने की इच्छा थी, जिसके लिए उसने मन्नत मांगी थी। विजयदशमी के दिन उसकी यह मन्नत पूरी हुई और उसने मेड़ता के गांधी चौक में अपनी हेयर सैलून की दुकान खोल ली। दीपावली के छह दिन पहले ही उसने दुकान को सजाया था, लाइटिंग की थी और पूजा की थी। दुकान की सजावट अभी उतरी भी नहीं थी कि परिवार की सारी खुशियां गम में बदल गईं। इतना कहते-कहते अजय की आंखें भर आईं।

# जयपुर में 17 मिनट में 80 लाख की चोरी: दीपावली मनाने गांव गया था महिला प्रोफेसर का परिवार, लौटे तो गेट टूटा मिला

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में चार बदमाश सूने घर के ताले तोड़कर 80 लाख रुपए के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोर करीब 17 मिनट तक घर में रुके। वारदात बिंदायका थाना इलाके की गणेश विहार कॉलोनी में हुई। यह घर निजी कॉलेज में प्रोफेसर स्मृति अग्रवाल का है। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

प्रोफेसर स्मृति अग्रवाल ने बताया- मैं



पति और बच्चे के साथ सिरसी रोड स्थित गणेश विहार कॉलोनी में रहती हूं। 30 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) स्थित अपने गांव दीपावली मनाने के लिए गए थे। परिवार 4 नवंबर (सोमवार) को गांव से लौटा तो घर का मुख्य दरवाजा टूटा और अलमारी खुली मिली। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, बर्तन और अन्य सामान नहीं मिला। चोरी हुए सामान की कुल कीमत 80 लाख रुपए है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार चार बदमाश 1 नवंबर की रात करीब 2:33 बजे घर में घुसे और 2:50 बजे चोरी की वारदात कर निकल गए थे। 5 नवंबर को मामला दर्ज करवाया गया।

### कपड़े की गठरी बनाकर सामान रखा

सूचना पर बिंदायका थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। प्रोफेसर ने पुलिस को घर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दी। चारों बदमाशों के बाहरी राज्य के होने का अंदेशा है। बदमाश कपड़े की गठरी बनाकर उसमें गोल्ड, नकदी और अन्य कीमती सामान रखकर ले गए थे। पुलिस ने बदमाशों की फुटेज को इलाके में सकुर्लेट कराया, लेकिन अभी तक कोई लीड नहीं मिली है।

### कबाड़ी, कचरा लेने वाले और फेरी वालों पर संदेह

पुलिस को चोरी की वारदात से पहले के कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। पुलिस को कचरा उठाने वाले, कबाड़ी वाले और फेरी वालों पर संदेह है। पुलिस ने कुछ लोगों को डिटेन किया है। कॉलोनी में रहने वाले कुछ किरायेदारों से भी पूछताछ की जा रही है। कॉलोनी के लोगों ने भी पुलिस को कुछ संदिग्धों के बारे में डिटेल दी है।

## डोटासरा बोले- मैं दिलावर के मुंह नहीं लगना चाहता: 900 करोड़ के घोटाले पर कहा- मुकदमे होते रहते हैं, निर्दोष बरी हो जाएंगे

नमस्ते राजस्थान

**सीकर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- मैं दिलावर के मुंह नहीं लगना चाहता। वो कुछ भी बोले, उसका क्या करें बताओ। दिलावर को शिक्षा और पंचायती राज पर काम तो करना नहीं है। उसका एकमात्र एजेंडा गोविंद डोटासरा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करना है।

डोटासरा ने कहा- वो अपने शिक्षा और पंचायती राज विभाग में काम करें। अच्छा काम करेंगे तो हम धन्यवाद देंगे। कमियां छोड़ेंगे तो हम उन कमियों को जनता के सामने उजागर करेंगे।

दरअसल, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने 5 नवंबर (मंगलवार) को दौसा में कहा था कि राजस्थान के विद्यार्थियों का सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो वह गोविंद सिंह डोटासरा है। उन्होंने बिना भवन और शिक्षकों के स्कूल खोल दिए। डोटासरा जी आंखों पर पट्टी बांधकर घूम रहे हैं। डोटासरा ने बुधवार को अपने सीकर स्थित निवास पर मीडिया से बात करते हुए दिलावर पर पलटवार किया।



### 900 करोड़ का घोटाला करने वाले सलाखों के पीछे होंगे

जल जीवन मिशन में हुए 900 करोड़ रुपए के घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी पर दर्ज एफआईआर पर बोलते हुए डोटासरा ने कहा- मुकदमे होते रहते हैं, क्या दिक्कत आ गई। जिसके खिलाफ कोई चीज होगी तो जांच हो जाएगी। जांच में दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। जो दोषी हैं, वो सलाखों के पीछे चले जाएंगे और जो निर्दोष हैं वह उस पाप से बरी हो जाएंगे। जो पाप भारतीय जनता पार्टी अनर्गल बयानबाजी करके चढ़ाना चाहती है।

### उप चुनाव में कांग्रेस की होगी जीत

सीकर में मास्टर प्लान लागू नहीं होने पर डोटासरा ने कहा- मेरे तो समझ के बाहर की बात है। अब क्या खेला हो रहा है, पता नहीं है। यूडीएच मंत्री कांग्रेस के नेताओं पर आरोप लगा रहे थे। मैं उनसे आग्रह करूंगा कि शहर के हित में मास्टर प्लान को जल्दी से जल्दी लागू करवाने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं।

उप चुनाव पर बोलते हुए डोटासरा ने कहा- उप चुनाव में सभी सीटों पर कांग्रेस जीतेगी। बीजेपी की जीरो सीट आएगी। संगठन पूरे तरीके से सक्रिय है, सब लोगों की ड्यूटी लगा दी है और सब लोग काम कर रहे हैं। लोगों ने मन बना लिया है कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई थी वह हर मुद्दे पर फेल साबित हुई है।

## जोधपुर में नगर निगम कर्मचारी ने की पत्नी की हत्या: बच्चे मौसी के घर से लौटे तो सोती मिली; कंबल हटाया तो खून से सना चेहरा देख चिल्लाए

नमस्ते राजस्थान

**जोधपुर।** आपसी विवाद में जोधपुर में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते में तैनात कर्मचारी ने पत्नी की हत्या कर दी। सुबह बच्चे मौसी के घर से पहुंचे तो मां को पलंग पर बेसुध पाया और सिर कम्बल से ढका था। हटाया तो देखा चेहरा खून से सना था। बच्चों ने चिल्लाकर कर पड़ोसियों को बुलाया और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वारदात के बाद से निगम कर्मी फरार है। उसका फोन भी बंद है। पुलिस ने शव को मॉच्युर्री में रखवाया है और पति की तलाश में जुटी है। घटना शहर के रातानाडा थाने इलाके की हरिजन बस्ती की सुबह 8 बजे की है। पुलिस मौके पर पहुंची थी और यहां से साक्ष्य जुटाएं हैं।

### पहले भी कर चुका मारपीट

एसीपी हेमंत कलाल ने बताया- रातानाडा की हरिजन बस्ती में पूजा की हत्या देर रात की गई है। घटना को लेकर टीम ने साक्ष्य जुटाएं हैं। पति अजय पर हत्या का शक जताया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, आरोपी की तलाश जारी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अजय नशे का आदी है और पूजा के साथ पहले भी मारपीट कर चुका था।

### सिर से बह रहा था खून

हरिजन बस्ती के अध्यक्ष राजेश तेजी ने बताया कि उसकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। पत्नी पूजा कुछ दिन पहले भी अजय की मारपीट की शिकायत लेकर रातानाडा थाने गई थी लेकिन उसे समझाइश कर वापस भेज दिया था। कल रात को बच्चे मौसी के घर गए हुए थे। बच्चे जब वापस लौटे और जब घर पहुंचे तो मां को देखा उसके सिर पर कंबल थी, कंबल हटाई तो चोट लगी थी और खून बह रहा था। बच्चों ने चिल्ला कर पड़ोसियों को बुलाया।

### नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते में कार्यरत है पति

राजेश ने कहा- इस दौरान मैं भी वहां पहुंचा। पूजा लहूलुहान हालत में पड़ी थी। हमने सोचा अस्पताल ले जाया जाए। लेकिन, जब हाथ कि नस को टटोला तब पता चला वह अब इस दुनिया में नहीं है। घर में अजय पूजा और उसके बेटा और बेटी रहते थे। पति अजय नगर निगम में सफाई कर्मचारी है और फिलहाल उत्तर नगर निगम में अतिक्रमण दस्ते में कार्यरत है। पुलिस के अनुसार हत्या कब और कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। मौके पर एफएसएल टीम साक्ष्य जुटा रही है।

## डंपर ने बाइक के साथ युवक को घसीटा, चचेरा भाई उछलकर सड़क पर गिरा; 1 की अस्पताल में मौत, दूसरा जयपुर रेफर

नमस्ते राजस्थान

**झुंझुनूं।** तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक भाई उछलकर सड़क पर गिर गया, जबकि दूसरा भाई डंपर के आगे के टायर में फंस गया। डंपर ड्राइवर उसे करीब 50 फीट तक घसीटते हुए ले गया।

लोगों के शोर मचाने पर डंपर ड्राइवर ने डंपर को रोका और पीछे लिया। लोगों ने घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक भाई को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे भाई को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। हादसा झुंझुनूं के मंडावा थाना इलाके में हुआ।



थानाधिकारी रामपाल सिंह मीणा ने बताया - मंडावा के वार्ड 11 निवासी साजन (19) अपने चचेरे भाई इंद्राज (22) मंगलवार को फतेहपुर रोड पर किसी काम से गए थे और वहां से घर लौट रहे थे। शाम करीब 6.30 बजे भगवान नगर के सामने एक डंपर ने साइड दबाते हुए बाइक को टक्कर मार दी।

बाइक की टक्कर लगते ही एक भाई उछलकर सड़क पर गिर गया, जबकि दूसरे डंपर के आगे वाले टायर में फंस गया। ड्राइवर करीब 50 फीट तक उसे घसीटते हुए ले गया। लोगों के शोर मचाने पर डंपर ने डंपर रोका और पीछे लिया। इस पर टायर में फंसा युवक सड़क पर गंभीर हालत में गिर गया। ड्राइवर डंपर लेकर मौके से फरार हो गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को निजी वाहन से मंडावा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को झुंझुनूं रेफर कर दिया। झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में साजन की मौत हो गई, जबकि इंद्राज को भी गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया। दोनों युवक अविवाहित थे।

## नागौर में वायुसेना के हेलिकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग: तकनीकी खामी के चलते नीचे उतारा, 4 घंटे बाद भरी उड़ान

नमस्ते राजस्थान

**मेड़ता।** भारतीय वायुसेना के रूद्र हेलिकॉप्टर की नागौर के मेड़ता में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। बताया जा रहा है कि तकनीकी खामी आने के कारण इसे जसनगर के खेत में लैंड कराया गया। तकनीकी खामी को दूर करने के बाद हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी।

दरअसल, वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर जोधपुर से जयपुर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान एक रुद्र हेलिकॉप्टर में पायलट को हेलिकॉप्टर में कुछ गड़बड़ी दिखी, इसलिए सावधानी रखते हुए उसे लैंड कराना पड़ा।

मेड़ता डीएसपी रामकरण मलिंदा ने बताया- एक्सपर्ट की टीम पहुंची। जहां तकनीकी खामी ठीक होने के बाद हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह दो हेलिकॉप्टर दिखाई दिए थे। कुछ देर बाद सवा 10 बजे एक हेलिकॉप्टर कस्बे के पास ही एक खेत में उतर गया। मेड़ता सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। साथ ही इंडियन एयरफोर्स की एक्सपर्ट टीम भी मौके पर



पहुंचकर हेलिकॉप्टरमें आई तकनीकी खराबी दूर किया। इसके बाद दोपहर 2:15 बजे हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी।

रुद्र की रफ्तार अधिकतम 268 किमी प्रतिघंटा है और रेंज 550 किलोमीटर है। यह हेलीकॉप्टर लगातार 3 घंटे 10 मिनट की उड़ान भर सकता है। अधिकतम 6500 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसमें 20 `की गन होती है, जो हवा से हवा में और हवा से जमीन पर हमला कर सकती है। इसके अलावा इसमें चार हार्डप्वाइंट्स होते हैं, जिनमें रॉकेट्स, मिसाइल और बम एक साथ लगाए जा सकते हैं।

### पहली बार 1999 करगिल युद्ध में इस हेलीकॉप्टर कमी महसूस हुई

लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर ध्रुव हेलीकॉप्टर का विकसित रूप है। पहली बार इसकी 199 कारगिल युद्ध के दौरान इसकी कमी महसूस हुई थी। हालांकि, तब इसके विकसित रूप पर काम चल रहा था। सियाचिन हो, रेगिस्तान हो, जंगल हो, या फिर 13-15 हजार फीट ऊंचे हिमालय के पहाड़ हों, इस हेलीकॉप्टर ने ट्रायल्स के दौरान भारत के हर तरह के इलाकों में उड़ान भरने की क्षमता को प्रदर्शित किया था।

इस हेलिकॉप्टर में लगे अत्याधुनिक एवियोनिक्स सिस्टम से दुश्मन न तो छिप सकता है, न ही इस पर हमला कर सकता है, क्योंकि ये सिस्टम इस हेलिकॉप्टर को मिसाइल का टारगेट बनते ही सूचना दे देते हैं। इसके अलावा राडार एंड लेजर वॉर्निंग सिस्टम लगा है। साथ ही शाफ और फ्लेयर डिस्पेंसर भी हैं, ताकि दुश्मन के मिसाइल और रॉकेटों को हवा में ध्वस्त किया जा सके।

## एक्सईएन ने लाइनमैन को मारी चप्पल: पोल पर चढ़ने से कर रहा था मना, विधायक ने फोन पर कार्रवाई करने से रोका तो आया गुस्सा

नमस्ते राजस्थान

**भवानी मंडी (झालावाड़)** झालावाड़ के भवानी मंडी क्षेत्र की अलावा पंचायत में बिजली चोरी करने के मामले में विजिलेंस टीम जब कार्रवाई करने पहुंची तो ग्रामीणों ने रोकने की कोशिश की।

एक्सईएन ने लाइनमैन को बार-बार पोल पर चढ़ने के लिए कहा, लेकिन वह आनाकानी करता रहा। इसी बीच ग्रामीणों ने विधायक को फोन कर मामले की जानकारी दी, जिसके बाद विधायक ने बिजली विभाग के एक्सईएन को फोन कर कार्रवाई करने से मना कर दिया, तो गुस्साए एक्सईएन ने संविदाकर्मी लाइनमैन को चप्पल मार दी। इसका वीडियो सामने आने पर बिजली निगम ने एक्सईएन को कारण बताओ नोटिस जारी



किया है। घटना गांव खेता खेडा में मंगलवार शाम 5 बजे की है।

### विधायक ने फोन पर कार्रवाई से किया मना

घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अधिशासी अभियंता शंभुनाथ प्रसाद एक बिजली के खंभे के पास सीढ़ी लगाकर खड़े संविदाकर्मी लाइनमैन को बार-बार खंभे पर चढ़ने के लिए कह रहे हैं, लेकिन संविदाकर्मी खंभे पर नहीं चढ़ रहा है। वहीं, टीम की कार्रवाई को ग्रामीणों ने रोकने की कोशिश की, लेकिन अधिकारी नहीं माने तो ग्रामीणों ने डग विधायक कालूराम का फोन लगाया और कार्रवाई को रोकने की मांग की। जिसके बाद विधायक ने अधिकारी को फोन पर कार्रवाई करने से मना कर दिया, जिससे गुस्साए अधिशासी अभियंता ने लाइनमैन को चप्पल मार दी और लाइनमैन मौके से भाग गया।

### टूटी सीढ़ी का बहाना देकर काम करने कर रहा था मना: एक्सईएन

एक्सईएन शंभूनाथ ने बताया कि विभाग की टीम जब भी बिजली चोरी की कार्रवाई को लेकर किसी गांव में जाती है, तो विधायक फोन करके कार्रवाई नहीं करने देते हैं। लाइनमैन के साथ कोई मारपीट नहीं की है। वह टूटी सीढ़ी के बहाने से काम करने में इनकार कर रहा था। उसे पहले ही बता दिया था कि ट्रांसफॉर्मर हटाना है फिर भी वह टूटी सीढ़ी लेकर आया था। उन्होंने बताया कि इस गांव में जमीन से मात्र 6 फीट ऊपर 11 केवी लाइन है, जिसके पास महज एक कनेक्शन के लिए 5 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। गांव में दो और ट्रांसफॉर्मर लगे हैं, जिनमें एक 10 केवीए पर मात्र तीन और दूसरे 5 केवीए पर तीन कनेक्शन हैं। बिजली विभाग की टीम जिस ट्रांसफॉर्मर को उतार रही थी। वह 11 केवीए लाइन के पास होने से कभी भी हादसे का करण बन सकता है। पहले भी यहां हादसा हो चुका है। जिसमें एक आदमी की मौत हो गई थी। दूसरी ओर गांव में 3 में से 2 ट्रांसफॉर्मर फर्जी है।टीम को इस गांव में फर्जी कनेक्शन मिले हैं, और तीन की वीसीआर भी भरी है। इस दौरान टीम में भवानीमंडी और सुनेल कनिष्ट अभियंता और सहायक अभियंता भी शामिल थे। टीम की कार्रवाई गलत नहीं है, लेकिन विधायक बिजली चोरी को समर्थन दे रहे हैं।

### फोन पर डीपी नहीं हटाने के लिए कहा था- विधायक

विधायक कालूराम मेघवाल ने बताया कि उन्होंने विजिलेंस टीम को बिजली चोरी पर कार्रवाई करने से नहीं रोका। गांव के सारे कनेक्शन चालू हैं और किसी का बिजली का बिल बकाया नहीं है। अभियंता को फोन पर डीपी नहीं हटाने के लिए कहा था। वे इस डीपी को दूसरी जगह ले जाने के लिए इस कनेक्शन को दूसरे ट्रांसफॉर्मर पर शिफ्ट करना चाहते थे।

E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com

# अदालत ने जनहित याचिका खारिज की: लोग ऐसे जहरीले पानी में नहाने से 'बीमार' पड़ जाएंगे

## यमुना किनारे छठ पूजा की इजाजत देने से हाईकोर्ट ने किया इनकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने यमुना नदी में छठ पूजा करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने यमुना घाट के किनारे छठ पूजा करने को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी। अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी जिसमें यमुना नदी के तट पर उत्सव मनाने पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। अदालत ने कहा कि यमुना नदी के किनारे पूजा करने की जगह अन्य घाटों और निर्धारित स्थानों पर पूजा की जा सकती है। अदालत ने कहा कि यह प्रतिबंध संभवतः यमुना नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लगाया गया है और चेतावनी दी कि ऐसे जहरीले पानी में नहाने से लोग बीमार पड़ सकते हैं।

### 1000 स्थानों पर छठ पूजा की व्यवस्था

दिल्ली में सरकार की तरफ से बनवाए गए 1000 से अधिक घाट पर टेंट, लाइट्स, साफ़-सफ़ाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम किया गया है। कोर्ट ने कहा कि अन्य घाट और निर्दिष्ट क्षेत्र हैं, जहां लोग सुरक्षित रूप से पूजा कर सकते हैं। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया है ताकि श्रद्धालु खुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सकें।



### मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने स्वास्थ्य समस्या का किया जिक्र

दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को नदी में पूजा करने की अनुमति देने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने हाल ही में एक मामले का हवाला दिया जिसमें एक व्यक्ति प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने के बाद बीमार पड़ गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### यमुना में जहरीला पानी

बेंच ने कहा कि यह आपके लिए बहुत हानिकारक होगा। हकीकत यह है कि नदी इतनी प्रदूषित है कि अगर आप उसमें डुबकी लगाते हैं, तो संभावना है कि आपको नुकसान होगा. हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते। नदी खुद बहुत प्रदूषित है। कोर्ट ने कहा कि यमुना नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण ही यह प्रतिबंध लगाया गया है।

### कालिंदी कुंज के पास लोग परेशान

मंगलवार को पारंपरिक 'नहाय-खाय' के साथ चार दिवसीय छठ उत्सव शुरू होते ही दिल्ली में कालिंदी कुंज के पास यमुना नदी के किनारे एक परेशान करने वाला नजारा दिखा। हाल ही में श्रद्धालु सूर्य देव को समर्पित इस त्योहार के अभिन्न अंग, पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए थे। हालांकि, उनकी भक्ति पर उस समय पानी फिर गया जब उन्होंने नदी की सतह पर जहरीले झाग को तैरते देखा।

---

## शरद और अजित पवार की एनसीपी को सुप्रीम कोर्ट ने दी नसीहत

# अदालतों में समय बर्बाद न करें, जमीन पर जाएं व वोट मांगें, अजित 36 घंटे में अखबारों में 'डिस्क्लेमर' भी दें

### प्रकाशित करें- एनसीपी को 'घड़ी' चुनाव चिन्ह आवंटित करने का मामला अदालत में विचाराधीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में जारी विधानसभा चुनाव की सगर्मियों के बीच शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के राजनीतिक दलों-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को नसीहत दी है। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि चुनावी माहौल के बीच अदालतों में अपना समय बर्बाद न करें। अदालत ने दोनों दलों से कहा कि जमीन पर जाएं और मतदाताओं को अपनी नीतियों से प्रभावित कर उनके वोट मांगें। उच्चतम न्यायालय ने अजित की अगुवाई वाली राकांपा को 36 घंटे के भीतर अखबारों में यह 'डिस्क्लेमर' जारी करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने साफ किया कि एनसीपी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटित करने का मामला अदालत में विचाराधीन है, यह सूचना स्पष्ट रूप से प्रकाशित करानी होगी।



पार्टी से बगावत

### महाराष्ट्र में 40 नेताओं को किया बाहर

भाजपा ने अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ बागी रुख दिखाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। बगावत करने वाले 40 नेताओं पर सख्त कदम उठाते हुए उन्हें दल से बाहर कर दिया है। यह कार्रवाई 37 सीटों पर बागियों के खिलाफ की है।



### देश की तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा का समीकरण

महाराष्ट्र में इस बार सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प हो सकता है लगभग 25 महीने पहले जून, 2022 में एमवीए सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। एनसीपी के दो-फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल एनडीए की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत की अगुवाई वाली एनसीपीके 40 विधायक हैं। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 38 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। सीएम शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है। इस बीच महायुति मने फिर से सरकार बनाने का पूरा जोर लगा दिया है।

राज ठाकरे की दो टूक

### मराठा आरक्षण नहीं मिलेगा, ये केवल वादा



राज ठाकरे को उनकी बेबाकी और दोटूक बयानों के लिए जाना जाता है। अकसर उन मामलों पर भी वह खुलकर राय रखते हैं, जिन मसलों पर नेता बोलने से बचना चाहते हैं। ऐसे ही एक संवेदनशील मसले मराठा आरक्षण पर राज ठाकरे ने दोटूक कह दिया कि यह मिलना तो मुश्किल है। उन्होंने बुधवार को लातूर में एक मीटिंग के दौरान यह बात कही।

एमवीए के घोषणा पत्र के पहले शिंदे ने किया 'खेला'

### महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों के लिए सुविधाओं की लगाई बौछार



महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति और एमवीए के बीच एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जबर्दस्त जोर आजमाइश चल रही है। इस बीच एमवीए के चुनाव घोषणा पत्र से पहले सीएम एकनाथ शिंदे ने बड़ा सियासी खेल कर दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों से कई लोक लुभावन वादे कर डाले हैं जो एमवीए की मुसीबत बढ़ाने वाले साबित होंगे। कोल्हापुर में पहली साझा चुनावी रैली के दौरान उन्होंने वादों की झड़ी लगा दी। उन्होंने महिलाओं,बुजुर्गों और किसानों का समर्थन हासिल करने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं।

**सभी वर्गों को देंगे सुविधाएं**

महाविकास अघाड़ी गठबंधन के चुनाव घोषणा पत्र से पहले शिंदे की ओर से की गई इन घोषणाओं को बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। इसके जरिए सत्तारूढ़ महायुति ने महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों और युवाओं को आकर्षित करने का प्रयास किया है। महाराष्ट्र में लड़की बहन योजना का काफी असर देखा जा रहा है और इस संबंध में मुख्यमंत्री शिंदे ने बड़ा ऐलान किया है।

अजित की पार्टी ने जारी किया घोषणा पत्र

### लाडकी बहिन योजना में राशि बढ़ाकर 2,100 रुपए करेंगे



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की एनसीपी ने बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। सरकार की लाडकी बहिन योजना की मासिक वित्तीय सहायता राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपए करने का वादा किया है। अभी 1500 रुपए दे रही है। एनसीपी ने बताया है कि क्या-क्या विकास कार्य कराएगी। अजित ने बारामती में और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने मुंबई में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने गोंदिया में और उम्मीदवारों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में घोषणा पत्र जारी किए।

**घोषणा पत्र में किए गए वादे**

अजित ने कहा कि हम सरकार गठन के 100 दिनों के भीतर नए महाराष्ट्र का विजन पेश करेंगे। पार्टी के घोषणा पत्र में 11 वादे किए गए हैं, जिनमें बुजुर्गों की पेंशन 2100 रुपए करने और कएमएसपी के तहत बिकने वाली सभी फसलों पर 20 फीसदी अतिरिक्त सब्सिडी का भी वादा किया है। चावल उगाने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 25 हजार रुपए का बोनस भी देंगे।

---

नागपुर में राहुल का बड़ा ऐलान

## भारत में जाति जनगणना होगी तोड़ेंगे 50% आरक्षण की सीमा



एजेंसी ▶▶ नागपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपना नैरेटिव लेकर महाराष्ट्र के मैदान में उतर आए हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में अपने कैम्पेन की शुरुआत नागपुर से की। वे सबसे पहले दीक्षाभूमि पहुंचे जहां बाबा साहेब आंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया था। यहां राहुल ने आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद संविधान सम्मेलन को संबोधित किया। राहुल ने लोकसभा चुनाव में 'संविधान खतरे में है' का नैरेटिव सेट किया था जिसका इंडी अलायंस को चुनाव में फायदा मिला। आज भी राहुल ने संविधान के मुद्दे पर भाजपा और संघ का सीधेनाम लेकर हमला बोला है।

### किसानों की योजना पर काम करेंगे: शरद

*एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण हुआ और वह ध्वस्त हुआ। उनकी प्रतिमा के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ। हम लोग किसानों के योजना पर काम करेंगे। बीकेसी ग्राउंड में घोषणापत्र जारी किया गया। किसानों की सरकार लाने के लिए महंगाई-बेरोजगारी कम करने वाली और महिलाओं को सुरक्षा देने वाली सरकार हम देंगे।*

एमवीए ने खोला वादों का पिटारा!

### महिलाओं के खाते में हर माह आएंगे 3 हजार खटाखट

*महाविकास अघाड़ी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया है। इसमें उसने पांच गारंटी जारी की है। इसे जारी करने के बाद एक रैली में कांग्रेस के नेता और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र की महिलाओं के खाते में हर महीने खटाखट-खटाखट 3000 रुपए आएंगे। इसके साथ ही 5 गारंटियां भी दी।*

- *महालक्ष्मी गारंटी: महिलाओं को हर महीने 3000 रुपएकी मदद मिलेगी और पूरे महाराष्ट्र में सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।*
- *कृषि समृद्धि: सभी किसानों के 3 लाख रतक के कृषि कर्ज माफ किए जाएंगे। लगातार कर्ज चुकाने वाले किसानों को 50,000 रुपए का प्रोत्साहन भुगतान देंगे।*
- *युवकन्ना शब्द: हर बेरोजगार युवक को 4,000 रुपए की मासिक सहायता देंगे।*
- *कुटुंब रक्षण: सभी परिवारों को 25 लाख का किफायती स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा।*
- *समानता हामी: हाशिए पर पड़े समुदायों की रक्षा और उनके अधिकारों को सुरक्षित करने सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना कराई जाएगी।*

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के मीरा बाग में 8-9 राउंड फायरिंग



**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मीरा बाग में फायरिंग का मामला सामने आया है। राज मंदिर नामक आउटलेट पर अज्ञात लोगों ने गोलियां चलाई। करीब 8-9 राउंड फायरिंग की गई। दोपहर 2:35 बजे की वारदात बताई जा रही है। आरोपी फरार हो गए।

### शारदा के घर पर गीत गाकर दे रहे श्रद्धांजलि



**पटना।** बिहार की स्वर कोकिला शारदा सिन्हा अब भले ही शारीरिक रूप से नहीं हैं, लोकगीतों के जरिए वे हमेशा लोगों के दिलों में अमर रहेंगी। बुधवार 12 बजे उनका पार्थिव शरीर पटना स्थित आवास पर लाया गया। लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### तेलंगाना में शुरू हुई जातिगत जनगणना



**हैदराबाद।** तेलंगाना में बुधवार से जातिगत जनगणना शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का वादा किया था। तेलंगाना सरकार ने ऐलान किया है कि यह सर्वेक्षण लोगों के दरवाजे तक पहुंचेगा।

---

इस बार सैलजा ने नहीं, वेणुगोपाल ने दी जानकारी

## हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में होगा आमूलचूल परिवर्तन, खरगे ने भंग की कार्यकारिणी

▶▶ नई दिल्ली

तो क्या एआईसीसी की संगठन महासचिव बन सकती हैं कुमारी सैलजा? ये खबर उस समय तेजी से तैरी जब कुमारी सैलजा की तरफ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की गई।

आमतौर पर ऐसी फेहरिस्त संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल जारी करते रहे हैं। बताया ये गया कि वेणुगोपाल चूंकि वायनाड उपचुनाव में व्यस्त हैं इसीलिए सैलजा की तरफ स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की गई। ये बात है गत 29 अक्टूबर



की। उसके बाद बुधवार को लगभग हफ्ते भर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस संगठन को पूरी तरह से भंग करने की घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तरफ से होनी थी, उस वक्त भी वेणुगोपाल दिल्ली में नहीं थे, लेकिन इस बार सैलजा से सूचना जारी कराने की बजाय वेणुगोपाल ने खुद एक्स का सहारा लिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर ये सूचना सार्वजनिक किया कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की ब्लॉक से लेकर प्रदेश तक की कार्यकारिणी को भंग कर दी गई है। खरगे ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूरी प्रदेश इकाई, जिला अध्यक्षों और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हाल ही में करीब दो हफ्ते पहले कांग्रेस हिमाचल की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने हाईकमान को पत्र लिखकर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नए सिरे से गठन की मंजूरी मांगी थी।

हरदोई के बिलग्राम में हादसा

### 10 लोगों की मौत व 5 गंभीर घायल

**हरदोई।** जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 5 गंभीर घायल हैं। बताया जा रहा है कि हादसा रोशनपुर के पास बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर हुआ है। यहां एक डीसीएम के अचानक सामने आने से टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया है। रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम के कारण टेंपो पलट गया। इन लोगों में से 7लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया।

भारत स्काउटस एवं गाइडस की वॉकथॉन आज होगी रवाना

## 'सशक्त युवा विकसित भारत' विषय पर वॉकथॉन में लगभग एक हजार बच्चे लेंगे भाग: खंडेलवाल

▶▶ नई दिल्ली

भारत स्काउटस एवं गाइडस के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ केके खंडेलवाल ने कहा कि गुरुवार को भारत स्काउटस एवं गाइडस के 75 साल पूरे होने जा रहे हैं और इस दिशा में हीरक जयंती वर्ष में नई दिल्ली में 'सशक्त युवा विकसित भारत'विषय पर एक भव्य वॉकथॉन को आयोजित किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में 'सशक्त युवा विकसित भारत' विषय पर भव्य वॉकथॉन में लगभग एक हजार बच्चे भाग लेंगें। वे आज




नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वॉकथॉन रन फॉर बीएसजी को गौरव गौतम, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी मामलों के राज्यमंत्री, हरियाणा सुबह 7.00 बजे (रिपोर्टिंग सुबह 5.45 बजे, इंडिया गेट, नई दिल्ली) इंडिया गेट से झंडी दिखाकर रवाना करेंगें। उन्होंने बताया कि यह वॉकथॉन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रचारित मिशन लाइफ पहल का समर्थन करती है, जो स्थिरता, फिटनेस और युवा सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इस यादगार कार्यक्रम के लिए देश भर से प्रतिभागी एकत्रित होगे तथा बीएसजी राज्य, जिला और स्थानीय संघ देश भर में आंदोलन के लिए एकता को बढ़ावा देने के लिए इसी प्रकार के वॉकथॉन का आयोजन करेंगे। स्काउटस एवं गाइडस दुनिया की अकेली ऐसा संस्था है जिनके सदस्य तीन प्रतिज्ञा लेते हैं।

---

गोवा में नौसेना के समुद्री अभियानों का व्यापक निरीक्षण

## स्वदेशी जंगी युद्धपोत 'विक्रांत' से आज जायजा लेंगी राष्ट्रपति

▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को गोवा में देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत से नौसेना के बहुआयामी समुद्री अभियानों का व्यापक रूप से जायजा लेंगी।



यह उनकी विक्रांत से जुड़ी पहली यात्रा होगी। जिसमें नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी गोवा में आईएनएस हंसा नौसैन्य अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे। इसके बाद उन्हें 150 नौसैन्य कर्मियों के दस्ते के द्वारा परंपरागत ऑफ आर्नर का सम्मान दिया जाएगा।

नौसेना ने बुधवार को एक बयान में बताया कि गार्ड ऑफ आर्नर के बाद राष्ट्रपति गोवा के समुद्र में देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी से तैनात आईएनएस विक्रांत पर जाएंगी और विमानवाहक युद्धपोत द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के समुद्री अभियानों को गहनता के साथ जांचेंगी। नौसेना ने इस पूरी गतिविधि को 'समुद्री दिन' यानी 'डे@सी' का नाम दिया है।

### समुद्री अभियानों का अहम भाग

*नौसेना के मुताबिक, राष्ट्रपति के समक्ष प्रदर्शित किए जाने वाले नौसेना के समुद्री अभियान में सतह से जुड़ा समुद्री अभियान, युद्ध अभियान, पनडुब्बी अभ्यास, हवाई ताकत से जुड़ी झलक जिसमें लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों द्वारा विक्रांत के डेक से उड़ान भरने और उतरने का नजारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा नौसेना के विमानों द्वारा फ्लाईपास्ट भी किया जाएगा।*

### 2022 में नौसेना में हुआ शामिल

*गौरतलब है कि आईएनएस विक्रांत को 2 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में आयोजित एक भव्य समारोह में नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया था। इससे पहले नौसेना के पास केवल एक विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य था। जिसे भारत ने रूस से खरीदा था। वर्ष 2013 में विक्रांत के निर्माण कार्य की शुरुआत कोचीन शिपयार्ड में हुई थी। इसका कुल वजन करीब 44 हजार टन है। पीएम मोदी ने नौसेना में इसे शामिल करते हुए कहा था कि विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है। यह 21वीं सदी में भारत की कड़ी मेहनत, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 'अगर लक्ष्य दूर हैं, यात्राएं लंबी हैं, समुद्र और चुनौतियां अंतहीन हैं। तो भारत का जवाब विक्रांत है।'*

---

जज के घर अनोखी चोरी!

## डोसा बनाया, चाय पी, बर्तन धोए व गहने-कैश किए पार

एजेंसी ▶▶ गंजाम

ओडिशा के गंजाम जिले के भंजनगर में चोरों ने एक अनोखी वारदात को अंजाम दिया है। यहां चोरों ने भंजनगर अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश के घर में घुसकर पहले डोसा बनाया और चाय पी। इतना ही नहीं चोरों ने बर्तन भी धो दिए और उसके बाद कपड़ों के साथ-साथ सोने के गहने और कैश लेकर फरार हो गए। जज के घर पर चोरी की इस अनोखी घटना से सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। चोरों का ऐसा दुस्साहस राज्य भर में चर्चा का विषय बना



हुआ है। दअरसल, 17 अक्टूबर को अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश देवदत्त पटनायक के घर से चोरी हुई थी। चोर जज के आवास के वेंटीलेटर को तोड़कर घर में दाखिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने बड़ी हिम्मत से जज के घर में खाना बनाकर खाया और पकड़े जाने के डर से बर्तनों को धो भी दिया ताकि किसी को शक न हो।

चिंतन

# अनुच्छेद 370 की वापसी से क्या दिखाना चाहते हैं उमर अब्दुल्ला

जिसका डर था वही हुआ। जम्मू-कश्मीर की नई नेशनल कांफ्रेंस सरकार ने विधानसभा में राज्य के स्पेशल स्टेटस अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया। जिस पर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। पीडीपी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और सीपीआई (एम) के सदस्यों ने भी ध्वनिमत के दौरान प्रस्ताव का समर्थन कर दिया। प्रस्ताव पारित होने के बाद सत्तारूढ़ एनसी ने कहा कि उसने अपने घोषणापत्र के वादों में से एक को पूरा किया है। हालांकि भाजपा विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे। असल में 5 अगस्त 2019 से ही नेशनल कांफ्रेंस समेत अनेक राजनीति दल धारा 370 को हटाए जाने का विरोध कर रहे थे। जबकि सरकार का कहना था कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में विकास और सुरक्षा के रास्ते में बाधक बन रहा था। कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए यह फैसला लेना जरूरी था। सरकार की मानें तो अनुच्छेद 370 के कारण कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद बढ़ रहा था और राज्य के लोगों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने में मुश्किलें आ रही थी। यह 370 का ही प्रभाव था कि बाकी राज्यों से अलग जम्मू-कश्मीर के लिए संसद को रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का अधिकार था, लेकिन किसी अन्य विषय से सम्बन्धित क़ानून को लागू करवाने के लिए केन्द्र को राज्य सरकार का अनुमोदन चाहिए होता था। वहीं यहां संविधान की धारा 356 लागू नहीं होती। इस कारण राष्ट्रपति के पास इस राज्य को लेकर कोई अधिकार नहीं रह गया था। संविधान की धारा 360 जिसके अन्तर्गत देश में वित्तीय आपातकाल लगाने का प्रावधान है, वह भी जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं होता था। इस विशेष अधिकार के चलते ही देश के अन्य राज्य का कोई नागरिक जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकता था। सरकार को लगता था कि ऐसा होने के कारण देश का यह उतरी राज्य विकास की गति में पिछड़ रहा है। इसके अलावा आतंकवाद की जड़ में भी यही विशेष अधिकार है। रोजगार के साधन न बढ़ पाने के कारण प्रदेश के युवा देश विरोधी तत्वों के बहकावे में आ रहे हैं। इन्हीं कारणों के चलते 5 अगस्त 2019 को संसद ने धारा 370 और ए 35 को खत्म करने का प्रस्ताव पास किया। इसके बाद सरकार के इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी मुहर लगा दी। सरकार के इस फैसले का असर भी हुआ। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद कश्मीर पहले से काफी बदल चुका है। कश्मीर में अब अमन-शांति है। सेना पर पत्थरबाजी की घटना इतिहास के पन्नों में दफन हो गई है। बाहरी लोगों के लिए जम्मू-कश्मीर में जमीन खरीदना आसान हो गया है। इससे राज्य में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। वहीं अनुच्छेद 370 के समर्थकों का कहना है कि यह कश्मीर की स्वायत्तता की रक्षा करता था और राज्य के विशेष दर्जे को बनाए रखने में मदद करता था। अनुच्छेद 370 के हटने से केंद्र सरकार का हस्तक्षेप बढ़ गया है। इसे नेशनल कांफ्रेंस ने चुनावी मुद्दा बनाया और सफलता मिलने के बाद विधानसभा में प्रस्ताव भी पास कर दिया। प्रश्न यह उठता है कि क्या सत्ता पाने के लिए किसी राज्य को देश से अलग करने वाले अनुच्छेद को वापस लाना जरूरी है। वैसे तो केंद्र की सहमति के बिना ऐसा हो पाना संभव नहीं है फिर भी उमर अब्दुल्ला सरकार ने एक बार फिर दफन हो चुके अलगाव के बीज को कुरेद तो दिया ही है। राजनीतिक दलों को ऐसे वादों से दूर रहना चाहिए जो देश की अखंडता के लिए खतरा हों।



अमेरिकी चुनाव
विकेश कुमार बडोला

# एक सदी में पुनर्निर्वाचित प्रथम व्यक्ति ट्रंप

> वामपंथ के आधिपत्य वाले अधिसंख्य मीडिया संस्थानों द्वारा ट्रंप को पहली बढ़त मिलने तक भी उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के पक्ष में विजयी हवा उड़ाई जा रही थी। किंतु अंततः ट्रंप ही विजेता सिद्ध हुए। उन्होंने अपने विजयी संबोधन में ही युद्ध बंद कराने, अमेरिका में घुसपैठ पर रोक लगाने और मिलकर अमेरिका को आगे बढ़ाने के संकेत दे दिये हैं। उन्हें चुनाव-पूर्व के अपने प्रचार अभियानों में लोगों का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ था। अमेरिका में प्रतिनिधि सभा अर्थात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव निम्न तथा सीनेट उच्च सदन है। इस बार प्रतिनिधि सभा के लिये 435 और सीनेट के लिये 34 सीटों पर मतदान हुआ था और इन दोनों ही सदनों में बैठने के लिए रिपब्लिकन दल को बहुमत प्राप्त हुआ है।

पांच नवंबर को 119वीं कांग्रेस के गठन के लिए अमेरिका में चुनाव संपन्न हुआ और छह नवंबर को घोषित चुनाव परिणाम में रिपब्लिकन प्रत्याशी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विजयी हुए। अमेरिका में गत एक सदी में यह पहली बार होगा कि कोई दूसरी बार राष्ट्रपति बनने जा रहा है। यदि वैश्विक दृष्टिकोण से आकलन किया जाए तो रिपब्लिकन पार्टी का सत्तारूढ़ होना अधिक उपयोगी है। ट्रंप पर 2016 में रिपब्लिकन के राष्ट्रपति नामांकित होने से लेकर अब तक जितने भी आरोपण, दोषारोपण और अन्य लांछन लगे वे सभी विरोधियों की राजनीति से दुष्प्रेरित थे। किंतु अब वे पुनः राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका कार्यकारी संतुलन प्रशंसनीय है। आशा है कि दोनों नेता अमेरिका-भारत के संबंधों को तो प्रगाढ़ व सुदृढ़ करेंगे ही, साथ ही विश्व में शांति की स्थापना हेतु भी एकीकृत दिशादृष्टि साधकर कार्य करेंगे।

वामपंथ के आधिपत्य वाले अधिसंख्य मीडिया संस्थानों द्वारा ट्रंप को पहली बढ़त मिलने तक भी उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के पक्ष में विजयी हवा उड़ाई जा रही थी। किंतु अंततः ट्रंप ही विजेता सिद्ध हुए। उन्होंने अपने विजयी संबोधन में ही युद्ध बंद कराने, अमेरिका में घुसपैठ पर रोक लगाने और मिलकर अमेरिका को आगे बढ़ाने के संकेत दे दिये हैं। उन्हें चुनाव-पूर्व के अपने प्रचार अभियानों में लोगों का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ था। अमेरिका में प्रतिनिधि सभा अर्थात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव निम्न तथा सीनेट उच्च सदन है। इस बार प्रतिनिधि सभा के लिये 435 और सीनेट के लिये 34 सीटों पर मतदान हुआ था और इन दोनों ही सदनों में बैठने के लिए रिपब्लिकन दल को बहुमत प्राप्त हुआ है। मतदान की समयावधि में ही अमेरिकी कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अपने एक वक्तव्य द्वारा अमेरिकी लोकतंत्र और चुनाव की पारदर्शिता व उपयुक्तता के बारे में गंभीर प्रश्न खड़े कर दिये थे। उनके अनुसार, यदि रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रंप चुनाव में विजयी नहीं हुए तो यह अमेरिका का अंतिम चुनाव होगा। एलन मस्क साधारण व्यक्ति नहीं हैं। हताशा-निराशा से युक्त उनका यह कथन अमेरिकी लोकतांत्रिक शासन पद्धति में डेमोक्रेटिक दल की अनुचित तथा अमेरिका व विश्वविरोधी शासकीय-प्रशासकीय क्रियाकलापों की ओर ही संकेत करता है। इससे ज्ञात होता है कि डेमोक्रेट्स की दलगत नीतियां वास्तव में अमेरिकियों और अमेरिका के व्यापक हित में न होकर अपने नेताओं के अस्त्रों के व्यापार-व्यवसाय के लिए दुनिया को युद्धक्षेत्र में बदलने पर अधिक केंद्रित रही हैं। यदि ऐसा न होता तो 2020 में सत्तारूढ़ होते ही डेमोक्रेटिक नेताओं ने दुनिया के विभिन्न देशों और भूभागों को परस्पर युद्ध में लिप्त करने की कूटनीतियां न बनाई होतीं। इनका दुष्परिणाम, एक ओर रूस और यूक्रेन के मध्य तो दूसरी ओर इजरायल और फिलीस्तीन व अन्य मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों के मध्य दो-ढाई वर्षों से निरंतर हो रहे युद्धों के रूप में सम्मुख है। इतना ही नहीं दुनिया में डीप स्टेट अर्थात गुप्त क्रूर शासकों द्वारा जो भी विद्रोहजन्य, विध्वंशजनित एवं हिंसाजन्य हस्तक्षेप किया जाता रहा है वह डेमोक्रेट्स जैसे शासकों के साथ मिलकर ही किया जाता रहा है।

डेमोक्रेटिक की विगत चार वर्षीय शासनगत गतिविधियों की तुलना यदि रिपब्लिकन के 2016-2020



के कार्यकाल से करें तो तुलनापरक अध्ययन में आश्चर्यचकित करनेवाले अंतर दिखाई देंगे। संपूर्ण विश्व में राजनीतिक, कूटनीतिक, सामरिक और व्यापारिक संतुलन बनाये रखने के विषय में ट्रंप का शासनकाल अत्यधिक उपयोगी रहा था। उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में चार वर्षों से भी कम समयावधि में विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका की ओर से अनेक सार्थक एवं महत्त्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अराजकता व आतंकग्रस्तता के नियंत्रण में सैन्यव्यस्त अपनी सेना को वहां से वापस बुलाने का निर्णय लिया, जो अमेरिकी सैन्यकर्मियों के लिए बड़ा राहत भरा निर्णय था। उनके द्वारा उत्तर कोरियाई शासक किंग जोंग उन के नाभिकीय-आण्विक अस्त्रों के अवैध व घातक परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने की दृष्टि से उसके साथ दो-दो शांतिवार्तायें करना अप्रत्याशित घटनायें थीं। चीन के साथ चहुंदिश पारस्परिक संबंधों के शक्तिबंधन के लिए उनका चीन की आधिकारिक यात्रा करना भी तात्कालिक वैश्विक परिदृश्य में अद्वितीय कार्य था। अमेरिका और भारत में अनेक अवसरों पर द्विपक्षीय संबंधों को सच्चे अर्थों में प्रगाढ़ करने हेतु पारंपरिक लोकतांत्रिक औपचारिकताओं से पृथक नवोत्साही व ऊर्जस्वित होकर पारस्परिक और वैश्विक विषयों पर सार्थक वार्ता करना भी ट्रंप के विशिष्ट निर्णयों में से एक था। उन्होंने उसी इजरायल और फिलीस्तीन व अन्य मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों के मध्य शांति वार्ता करने की युक्तियां भी कीं, जो गत दो-ढाई वर्षों से पारस्परिक युद्ध में खपे हुए हैं। उन्होंने अरब क्षेत्र के ममुस्लिम देशों और मध्यपूर्वी दूसरे मुस्लिम देशों के मध्य भी शांति स्थापनार्थ अनेक नवीन नीतियों का क्रियान्वयन किया, जिसके प्रभाव में वैश्विक स्तर पर किन्हीं दो देशों के मध्य संभावित युद्ध होने की आशंकायें समाप्त होती गईं।

हालांकि, अमेरिका और विश्व में स्थित ट्रंप के विरोधियों को दुनिया की इन उपलब्धियों को स्वीकार करने में अत्यंत कष्ट हो रहा था। वास्तव में, विराधियों के भेष में अमेरिका से लेकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैले हुए ऐसे चरमपंथियों, वामपंथियों और मानवता के शत्रुओं को ट्रंप की शांति योजनायें, अशांति फैलाकर धन-संसाधन अर्जित करने के अपने-अपने अभियानों में बड़ा रोड़ा प्रतीत हो रही थीं उन्हें ट्रंप के राष्ट्रपति रहते-रहते अमेरिका के नेतृत्व में निरस्त्रीकरण की एक आचरण सम्मत पहल होती दिखने लगी थी, जो उनके अस्त्र निर्माण उद्योगों के समक्ष अप्रत्याशित चुनौती बन गई थी। आज अमेरिका सहित विश्व के लोकतांत्रिक देशों में जो भी लोकतंत्र विरोधी गतिविधियां हैं- चाहे वे आतंकवाद, अस्त्रीकरण, अलगाववाद, अवैध व्यापार, मादक पदार्थों के अवैध गुप्त धंधों, देशों की भौगोलिक सीमाओं के अनुचित अतिक्रमण के रूप में हों- सभी पर अपेक्षित कार्यकारी क्षमताओं के साथ प्रभावी प्रतिबंध लगाने में ट्रंप ने श्रेष्ठ भूमिका निभायी थी। इसीलिये वे अमेरिका सहित विश्व के बड़े-बड़े माफियाओं (डीप स्टेट्स) को बुरी तरह खटक रहे थे और अंततः अमेरिका स्थित उनके राजनीतिक विरोधियों के साथ मिलकर माफियाओं ने उन्हें 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक पराजित करवाने में कोई अवसर नहीं गंवाया। ट्रंप पराजित हुए और जो. बाइडेन राष्ट्रपति बन गये, जो अस्त्र निर्माताओं और उद्योगपतियों के लिए वरदान सिद्ध हुए, क्योंकि कोरोना महामारी के सिमटने के बाद इन निर्माताओं और उद्योगपतियों के अस्त्र इजरायल-फिलीस्तीन तथा रूस-यूक्रेन के उन युद्धों में काम आ रहे हैं जो षड्यंत्रपूर्वक अमेरिकी डेमोक्रेट्स ने ही नियोजित किए हैं। अमेरिका में चुनाव के प्राथमिक और जनरुचि के विषयों में अमेरिकी नागरिक होने की स्वायत्तता, राष्ट्र की स्वायत्तता की सुरक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मूल अमेरिकियों के हितों के दृष्टिगत संरक्षा जैसे विषय सम्मिलित थे।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

कूटनीति
डॉ. एन.के. सोमानी



# ट्रंप के सामने अर्थव्यवस्था सुधारने की होगी चुनौती

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे प्राचीन लोकतंत्र अर्थात संयुक्त राज्य अमेरिका की बागडोर अब रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के 131 साल के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति ने एक बार चुनाव हारने के बाद फिर से सत्ता में वापसी की है। इससे पहले 1893 में ग्रोवर क्लीक्लैंड ऐसे पूर्व राष्ट्रपति थे जिन्हें दोबारा राष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। ट्रंप को जानने वालों का कहना है कि ट्रंप जीतने के लिए ही मैदान में उतरे थे और अतंतः वे जीते भी। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के रूप में जब वे चुनाव मैदान में उतरे थे तो बहुत कम लोगों को यह अनुमान था कि वे बाइडन की पार्टी को सत्ता से रुखसत करने में सफल हो सकेंगे। अर्थव्यवस्था में सुधार का वादा, आव्रजन नीति, यूक्रेन युद्ध, इजरायल संघर्ष, ट्रेडवॉर आदि मुद्दों ने ट्रंप के लिए बढ़त का काम किया। अर्थव्यवस्था और आव्रजन के मुद्दे पर 'स्विंग स्टेटस' के मतदाताओं ने ट्रंप पर भरोसा जताया और खुलकर उनके पक्ष में वोट दिए। हालांकि, कमला ने गर्भपात अधिकार और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा वादा किया था। अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य भी इस दफा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। सर्वेक्षण में आधे से ज्यादा मतदाताओं का मानना था कि ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हो सकते हैं। लेकिन तमाम धारणाओं के बावजूद ट्रंप दूसरी दफा व्हाइट पहुंचने में सफल रहे। चुनाव में धर्म की एंट्री भी हुई। ट्रंप ने बडी चतुराई से बांग्लादेश का मुद्दा उठाकार भारतीय वोटरों को साधने की कोशिश की। हिन्दू हितों वाला उनका बयान काफी असरकार सिद्ध हुआ। चुनाव में ट्रंप का यह सबसे बड़ा सियासी दांव साबित हुआ। हालांकि, कमला ने भी भारतीय मूल के लोगों को लुभाने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अप्रवासियों के लिए आसान नीतियां बनाने, भारतीय कामगारों और विद्यार्थियों के लिए अमरीकी दरवाजे खोलने व वीजा नियमों को आसान बनाने का वादा किया। सवाल यह है कि ट्रंप के सत्ता में आने के बाद दुनिया के प्रति अमेरिका का नजरिया क्या रहेगा। जिस बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात दुनिया के अलग-अलग कोनों में की जा रही है, क्या उसके स्वरूप में कोई बदलाव आएगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप पूर्ववर्ती रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों द्वारा स्थापित परंपरा पर ही आगे बढ़ते हुए दिखें। सवाल भारत को लेकर भी है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ट्रंप की बेहतर कैमिस्ट्री है। वह अक्सर मोदी के साथ अपनी मित्रता की चर्चा करते हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान भी भारत-अमेरिकी संबंधों को और मजबूत करने की बात कही है। पर ध्यान रहे कि अमेरिका दुनिया की महाशक्ति है। वह हमेशा अपने राष्ट्रहितों को ध्यान में रखता है। ऐसे में भारत को किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए। हिंद प्रशांत और उसके बाहर चीन के सैन्य और आर्थिक विस्तार को रोकना अमेरिका का घोषित लक्ष्य है। ट्रंप भारत को तभी तक महत्व देंगे, जब तक उन्हें लगता है कि एशिया में चीन को काउंटर करने के लिए भारत एक 'बड़ी जरूरत' साबित हो सकता है। इसलिए जब तक चीन के साथ अमेरिकी प्रतिस्पर्धा रहेगी, तब तक ट्रंप ही नहीं कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के साथ संबंध कमजोर करने का जोखिम नहीं उठाएगा, लेकिन ट्रंप की व्यापार संतुलन व आव्रजन की नीति भारत को परेशान कर सकती है। अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए ट्रंप ऐसी व्यापार नीतियों को लागू करना चाहेंगे जो साफतौर पर अमेरिका केंद्रित होगी। वे भारत पर व्यापार बाधाओं को कम करने और टैरिफ का सामना करने का दबाव डाल सकते हैं। ऐसे में भारत का आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल क्षेत्र का निर्यात बड़े स्तर पर प्रभावित हो सकता है। आयात शुल्क के मामले में वह भारत को दोहन करने वाला राष्ट्र बता चुके हैं। 2023-24 में भारत ने अमेरिका से 42.2 बिलियन डॉलर की वस्तुओं का आयात किया था। वहीं, भारत ने अमेरिका में तकरीबन 77.52 बिलियन डॉलर का निर्यात किया है। इसको लेकर ट्रंप ने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो इस स्थिति को बदलेंगे और भारत पर टैरिफ शुल्क कम करने को लेकर दबाव बनाएंगे। ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भी व्यापार और करों को लेकर भारत-अमेरिकी संबंधों में टकराव की स्थिति बनी थी। सच तो यह है कि आज भारत-अमेरिकी रिश्ते जिस मुकाम पर हैं, वहां राष्ट्राध्यक्षों की व्यक्तिगत पसंद या नापसंद कोई मायने नहीं रखती है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के लिए भी भारत-अमेरिकी संबंधों को नकारना आसान नहीं होगा।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वदेशी को बढ़ावा देशहित में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर दिखते हैं, जोकि देश के कारोबारियों के लिए भी अच्छे दिनों के लिए शुभ संकेत है। मेक इन इंडिया सरकार की बहुत अच्छी पहल है। हमारा देश कभी सोने की चिड़िया होता था, लेकिन पहले इसे मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने देश की धन-संपत्ति को विदेशों में ले गए। हमारे विदेशी वस्तुओं के मोह के कारण देश आर्थिक रूप से प्रभावित हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री हमारे देश की वस्तुओं की मांग विदेशों में बढाने की बात कहते हैं। इससे यह उम्मीद की किरण नजर आई कि हमारे देश में इससे विदेशी मुद्रा आएगी, जो देश की आर्थिक व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। देश के लिए बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात है कि हमारे देश के उत्पाद विदेशी मंडियों की शान बनकर विदेशियों तक पहुंच रहे हैं।

*– जगदीश साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मेधावी छात्रों के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करते हुए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना से 22 लाख से अधिक छात्रों को अब शीर्ष संस्थानों के लिए संपार्श्विक-मुक्त, गारंटर-मुक्त शिक्षा ऋण तक पहुंच प्राप्त होगी।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र

### गायिका शारदा को नमन



अपनी मधुर आवाज़ के लिए प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी के निधन की ख़बर बेहद दुःखद है। छठ के त्योहार में हर ओर गूंजते उनके गीत श्रद्धालुओं और श्रोताओं को उनकी सदा याद दिलाते रहेंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### प्रगतिशील नीति



यह समय परमाणु ऊर्जा का है। हमें हर समय स्वच्छ ऊर्जा के लिए इसकी आवश्यकता है। भारत एक प्रगतिशील नीति की घोषणा कर सकता है जो निजी क्षेत्र को निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### न्यूकमर की एक्साइटमेंट



40 साल फिल्मों में काम करने के बाद भी अगर एक्साइटमेंट एक न्यूकमर की हो तो इसका मतलब है आपके अंदर का छोटे शहर का लड़का अभी ज़िंदा है। मज़ा आ गया जुहू बीच पर अपनी आने वाली फिल्म विजय 69 का बड़ा बैनर देखकर।

-अनुपम खेर, अभिनेता

करंट अफेयर

# लाहौर में वायु प्रदूषण से हजारों लोग बीमार पड़े



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में अत्याधिक वायु प्रदूषण के कारण हजारों लोगों को अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। डॉक्टरों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं अधिकारियों ने आगाह किया है कि अगर लोगों ने मास्क लगाने समेत अन्य निर्देशों का पालन नहीं किया तो पूर्ण लॉकडाउन लगाया जा सकता है। यह चेतावनी तब दी गई जब लोग बिना मास्क लगाए सड़कों पर घूमते नजर आए। डॉक्टरों ने कहा है कि ज्यादातर लोगों को खांसी तथा आंखों में जलन की शिकायत है। पाक मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सलमान काज़मी ने कहा, "पिछले एक हफ्ते में श्वास संबंधी परेशानी से जूझ रहे हजारों लोगों का अस्पतालों और क्लीनिक में इलाज किया गया। उन्होंने कहा, आप लोगों को खांसते देख सकते हैं, लेकिन फिर भी वे मास्क नहीं लगाते हैं। बुधवार सुबह लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा और वायु गुणवत्ता सूचकांक 1,100 के आंकड़े को पार कर गया। 300 से ज्यादा वायु गुणवत्ता सूचकांक सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। जहरीले 'स्मोग' ने पिछले महीने से शहर को अपनी चपेट में लिया हुआ है। पंजाब प्रांत की वरिष्ठ मंत्री मरयम औरंगजेब ने शहर में पूर्ण लॉकडाउन से बचने के लिए लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी है।

ऑफ बीट

# आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं – ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

# ट्रंप की जीत के बाद ईरानी मुद्रा निचले स्तर पर

■ ईरानी रियाल के भाव 42092 डालर पर आए ■ वर्ष 2015 में 32000 थे ईरानी रियाल के भाव

**तेहरान (एपी)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद ईरान की मुद्रा रियाल बुधवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गई।

कारोबार के दौरान डालर के मुकाबले ईरान की मुद्रा ईरानी रियाल का भाव 42092 प्रति डालर पर फिसल गया। गौरतलब है कि वर्ष 2015 में दुनिया की ताकतों के साथ ईरान के परमाणु करार के समय एक रियाल का भाव एक अमेरिकी डालर के मुकाबले 32,000 था। ट्रंप 2018 में एकतरफा तरीके से इस परमाणु करार से पीछे हट गए थे। इससे दोनों देशों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया, जो आज भी कायम है। इस तनाव के चलते ईरान और अमेरिका के बीच कारोबारी रिश्ते भी ठीक नहीं चल रहे हैं।

विशेषज्ञों को उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच कारोबारी रिश्ते जल्द बेहतर होंगे।



■ ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के बीच रिश्ते ठीक होने की आस
■ परमाणु करार से ट्रंप के पीछे हटने के बाद खराब हुए थे ईरान के रिश्ते

## फिज़िकल फिटनेस के बारे में टीवी कैंपेन लॉन्च

**नई दिल्ली (वि.)।** दुनिया के नंबर 1 हनी ब्राण्ड डाबर हनी ने भारत में मोटापे की बढ़ती समस्या के मद्देनज़र फिज़िकल फिटनैस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक टीवी कैंपेन का लॉन्च किया है। अपनी अनुशासित जीवनशैली के लिए विख्यात बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार इस विज्ञापन में दर्शकों से अपील करते नज़र आएंगे कि अपने रोज़मर्रा के जीवन में फिटनेस और सेहतमंद विकल्पों को अपनाएं। अक्षय कुमार न सिर्फ फिटनैस को प्रोमोट करते दिखेंगे बल्कि उन्हें सेहतमंद जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी करेंगे। वे युवाओं को संदेश देंगे कि अपने दिन की शुरुआत डाबर हनी और गुनगुने पानी तथा सक्रिय जीवनशैली के साथ करें।

# तकनीक के क्षेत्र में सहयोग जारी रखेंगे भारत-अमेरिका

■ नैसकॉम के चेयरपर्सन सिंधु गंगाधरन ने जताई उम्मीद

अमेरिका के लिए भारत की प्रौद्योगिकी क्षमताओं का लाभ उठाने के अलावा कोई रास्ता नहीं

**बेंगलुरु (भाषा)।** आईटी उद्योग संघ नैसकॉम की नई चेयरमैन चेयरपर्सन सिंधु गंगाधरन ने कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्षों से सहयोग तथा प्रौद्योगिकी के रणनीतिक क्षेत्रों में मजबूत संबंध बनाए रखे हैं और आगे भी इसके जारी रहने की उम्मीद है। अमेरिकी चुनाव के परिणाम के भारतीय 'आउटसोर्सिंग' उद्योग पर प्रभाव से जुड़े सवाल पर गंगाधरन ने कहा, 'मुझे लगता है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले वर्षों में सहयोग बेहद मजबूत रहा है।' भारतीय 'आउटसोर्सिंग' उद्योग के साथ आव्रजन पर प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच उनकी यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी चुनाव का परिणाम चाहे जो हो, मुझे लगता है कि भारत की प्रौद्योगिकी क्षमता का लाभ उठाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### बजाज का कंजम्पशन फंड

मुंबई। बजाज फिन्सर्व एएमसी ने उपभोग थीम के अंतर्गत एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम, बजाज फिन्सर्व कंजम्पशन फंड शुरू करने की घोषणा की है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 8 नवंबर को खुलेगा और इसकी न्यू फंड ऑफर अवधि 22 नवंबर 2024 को समाप्त होगी। बजाज फिन्सर्व कंजम्पशन फंड एक ट्रू - टू - लेबल फंड है जो रणनीतिक रूप से उन क्षेत्रों में निवेश करेगा जो उभरते हुए खपत मेगाट्रेंड के साथ बढ़ रहे हैं। ये मेगाट्रेंड्स भारत भर में खपत की आदतों को आकार देने वाले प्रभावशाली मेगाट्रेंड हैं।

### उत्कर्ष की सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट

नई दिल्ली। उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लि ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपनी पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, जो पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों को अपने मुख्य परिचालन में एकीकृत करने की दिशा में बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। "यू-सस्टेन" शीर्षक वाली यह व्यापक रिपोर्ट, सतत विकास और जिम्मेदार बैंकिंग को बढ़ावा देने में बैंक की रणनीतिक पहलों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है।

### बॉडीक्राफ्ट का 22वां क्लीनिक

नई दिल्ली। भारत की ब्यूटी एंड वेलनेस चेन बॉडीक्राफ्ट ने अपने 22वें क्लीनिक एंड सैलून के उद्घाटन का ऐलान किया है। यह आउटलेट देहरादून में खोला गया है। देहरादून में यह बॉडीक्राफ्ट का पहला आउटलेट है। बॉडीक्राफ्ट सैलून की डायरेक्टर एवं हेड ऑफ क्रिएटिव डेवलपमेंट स्वाति गुप्ता ने कहा, 'हम नए मानक स्थापित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि सभी उम्र के लोगों को संतोषजनक तरीके से कस्टमाइज की जा सकने वाली सर्विसेज का लाभ मिले।

### मेंटोस का नया कैम्पेन

नई दिल्ली। परफेटी वैन के ब्रांड मेंटोस ने लंबे समय के बाद टीवी कैम्पेन 'यस टू फ्रेश' लांच किया है। यह कैम्पेन मेंटोस के ताजा स्वाद के साथ उबाऊ और बोरियत भरे पलों को शानदार अनुभव में बदलने की कहानी कहता है। इस कैम्पेन में अभिनेता अभय वमा मुख्य भूमिका में दिखेंगे। ओगिल्वी वेस्ट के मैनेजिंग पार्टनर (क्रिएटिव) अनुराग अग्निहोत्री ने कहा, 'कैम्पेन में हम बेहद सरल तरीके से अपना संदेश देना चाहते हैं। परफेटी वैन के मार्केटिंग डायरेक्टर गुंजन खेतान कहते हैं कि हमारा यह लेटेस्ट कैम्पेन 'यस टू फ्रेश', जेन जी को नई सोच दे रहा है।

### स्पार्क्स का विंटर कलेक्शन

नई दिल्ली। स्पार्क्स अपनी आटम-विंटर 2024 रेंज में नए 'स्नीकर्स-कलेक्शन' के लांच के साथ फुटवियर फैशन को नया आयाम देने के लिए तैयार है। स्नीकर कलेक्शन को इस सीज़न का हीरो कहा जा सकता है, जिसमें पुरूषों एवं महिलाओं के लिए बोल्ड डिज़ाइन पेश किए गए हैं। इस लांच पर बात करते हुए गौरव कुमार दुआ, होल टाइम डायरेक्टर, रिलेक्सो फुटिवयर्स लिमिटेड ने कहा, 'हमारी आटम-विंटर 2024 रेंज में स्पार्क्स का नया स्नीकर कलेक्शन पेश करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

### अमेज़न का नया रिकार्ड

बेंगलुरु। एक महीने तक चलने वाले अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल-2024 में खरीदारी का नया रिकार्ड बना है। इस सेल का शुभारंभ 27 सितंबर को हुआ था। इसमें ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, स्मार्टफोन, फैशन एवं ब्यूटी, होम डेकोर, अप्लायंसेज, फनीचर और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों के 25,000 से अधिक नए उत्पादों को खरीदने का मौका मिला। कंपनी के वाइस प्रेजीडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा "अमेज़न का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा खरीदारी उत्सव बन गया है।

# जीडीपी वृद्धि के सकारात्मक कारक नकारात्मक से ज्यादा

**मुंबई (भाषा)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं।

दास ने एक कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, 'जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।'

गौरतलब है कि कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी।

दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है। दास ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन या आईआईपी के आंकड़े, और रोजमर्रा के उपभोग वाली वस्तुओं (एफएमसीजी) की शहरी मांग में नरमी है। इसके अलावा, सितंबर तिमाही में सब्सिडी खर्च में वृद्धि हुई है और इसका दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों पर असर पड़ेगा।

उन्होंने सकारात्मक पहलुओं में जीएसटी ई-वे बिल, टोल संग्रह, हवाई यात्री यातायात और इस्पात तथा सीमेंट उद्योग के अच्छे प्रदर्शन का जिक्र किया।



मुंबई : बुधवार को स्कोडा आटो की नई कार 'काईलाक' की लांचिंग के मौके पर कार के साथ कंपनी के चेयरमैन एवं सीईओ क्लॉस जेलमर और स्कोडा आटो वोल्कवैगन इंडिया के एमडी एवं सीईओ पीयूष अरोड़ा। (प्रेट्र)

## नई डिजायर के साथ निर्यात बढ़ाने की है मारुति की योजना

**डाबोलिम (गोवा), (भाषा)।**

प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) अपनी कॉम्पैक्ट सेडान डिजायर के नए संस्करण के साथ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, चिली, मेक्सिको और अन्य लातिनी अमेरिकी देशों जैसे बाजारों को लक्ष्य कर रही है ताकि निर्यात में तेजी लाई जा सके। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में तीन लाख से अधिक इकाइयों का निर्यात करना है।

■ अगले हफ्ते लांच हो जाएगी नई डिजायर

घरेलू बाजार में, कंपनी को उम्मीद है कि नई डिजायर के साथ यात्री वाहन बाजार के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) की ओर बढने के बीच सेडान बाजार में उसकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। नई डिजायर अगले सप्ताह बाजार में उतारी जाएगी। मारुति के कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने यहां कहा, 'चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह में हमारा निर्यात 11.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा है और उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी। इसलिए चालू वित्त वर्ष में हमें लगभग तीन लाख से अधिक कारों का निर्यात करने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा कि लगभग चार साल पहले कंपनी का निर्यात सालाना एक लाख इकाई से कम था।

# फेस्टिव सीजन में वाहनों की खुदरा बिक्री ने भरा फर्राटा

■ बिक्री में दर्ज की गई 32 फीसद वृद्धि ■ अक्टूबर में बिके 28.32 लाख वाहन

**मुंबई (भाषा)।**

भारत में वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 28,32,944 इकाई हो गई। दोपहिया तथा यात्री वाहनों सहित सभी खंडों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। उद्योग संगठन फाडा ने बुधवार को यह जानकारी दी। अक्टूबर 2023 में खुदरा बिक्री 21,43,929 इकाई रही थी।

फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस वर्ष अक्टूबर में मजबूत वृद्धि की मुख्य वजह मजबूत ग्रामीण मांग रही। खासकर दोपहिया तथा यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी और रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि से समर्थन मिला। यात्री वाहनों की बिक्री 32.38 प्रतिशत बढ़कर 4,83,159 इकाई हो गई, जो अक्टूबर 2023 में 3,64,991 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने 36.35 प्रतिशत बढ़कर 20,65,095 इकाई रही जो अक्टूबर 2023 में 15,14,634 इकाई थी। अक्टूबर 2024 में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11.45 प्रतिशत बढ़कर 1,22,846 हो गई।

फाडा के अनुसार, अक्टूबर में ट्रैक्टर की बिक्री 3.08 प्रतिशत बढ़कर 64,433 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 62,542 इकाई थी। उद्योग संगठन के अनुसार, अक्टूबर में प्रमुख त्योहारों (नवरात्रि व दिवाली) के एक साथ आने से उपभोक्ता मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आकर्षक त्यौहारी 'ऑफर', नए मॉडल पेश होने और बेहतर उपलब्धता से दोपहिया वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत और मासिक आधार पर 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, ग्रामीण मांग, अनुकूल मानसून और अच्छी फसल की उम्मीदों ने भी वृद्धि में योगदान दिया।

वहीं यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 32 प्रतिशत और मासिक आधार पर 75 प्रतिशत बढ़ी। यह त्योहारी मांग, बेहतरीन 'ऑफर' और नए मॉडल पेश होने से प्रेरित रही।

**36** फीसद बढ़ी दुपहिया वाहनों की बिक्री

**11** फीसद से ज्यादा वृद्धि तिपहिया की बिक्री में

**03** फीसद की बढ़ोतरी ट्रैक्टर बिक्री में हुई

**32** फीसद तक बढ़ गई यात्री कारों की बिक्री




## स्कोडा ने पेश की ₹7.89 लाख की SUV

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो ने भारतीय बाजार में व्यापक पहुंच बनाने के इरादे से बुधवार को अपनी पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी 'काइलक' पेश की। इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये रखी गई है।

स्कोडा ऑटो के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्लॉस जेल्मर ने यहां एक कार्यक्रम में 'काइलक' को पेश किया। इस अवसर पर स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रमुख पीयूष अरोड़ा भी मौजूद थे। स्कोडा ने अपने नए मॉडल को छह एयरबैग समेत 25 सुरक्षा फीचर और सनरूफ तथा वेंटिलेटेड सीट की खूबियों के साथ पेश किया है। इसके अलावा कंपनी ने इसके एक लीटर पेट्रोल में 20.32 किलोमीटर की दूरी तय करने का दावा भी किया।

कंपनी ने भारतीय बाजार में कॉम्पैक्ट एसयूवी खंड में मौजूद तगड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये निर्धारित की है। हालांकि, यह प्रारंभिक कीमत सिर्फ कुछ सीमित संख्या वाले वाहनों के लिए ही होगी।

संभावित खरीदार इसकी बुकिंग दो दिसंबर से करा सकेंगे और अगले साल 27 जनवरी से ग्राहकों को इसकी आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# सेंसेक्स ने मनाया ट्रंप की जीत का जश्न

■ सत्र की समाप्ति पर 901 अंक की छलांग लगाकर 80378 पर हुआ बंद


**मुंबई (भाषा)।**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ।

बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढत जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक में गिरावट हुई।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की उम्मीद बढ़ी है।' उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा।



नायर ने कहा, 'आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है। यह भारतीय कंपनियों के लिए सकारात्मक है।' एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजार दोपहर के सत्र में बढत के साथ कारोबार कर रहे थे।

## विस्तारा विलय : एयर इंडिया ने यात्रियों की मदद के लिए टच पॉइंट बनाए

**नई दिल्ली (भाषा)।**

एयर इंडिया ने अगले सप्ताह विस्तारा के अपने साथ विलय के बाद इस एयरलाइन के यात्रियों की मदद के लिए 'टच पॉइंट' और हवाई अड्डों पर मदद के लिए कियोस्क (हेल्प डेस्क) बनाए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि विस्तारा के यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो और उन्हें सहज अनुभव सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त संसाधन तैनात किए हैं।

एयर इंडिया और विस्तारा का 11 नंवबर को विलय हो जाएगा। विस्तारा टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच एक संयुक्त उद्यम है। विलय के बाद विस्तारा के परिचालन वाले मार्ग, समयसारिणी और उड़ान के दौरान विमान के अंदर अनुभव समान रहेंगे। विस्तारा विमान को अब '2' अंक से शुरू होने वाले एक विशेष चार अंक के एयर इंडिया कोड से पहचाना जाएगा। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया ने भारत में टच पॉइंट पर अतिरिक्त संसाधन तैनात किए हैं।

# रुपए में दर्ज की गई 21 पैसे की बड़ी गिरावट

**मुंबई (भाषा)।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे टूटकर 84.30 (अस्थायी) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ अमेरिकी डॉलर सूचकांक में तेजी से घरेलू मुद्रा में यह गिरावट देखने को मिली है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशों में प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा विदेशी पूंजी की सतत निकासी से बाजार धारणा प्रभावित हुई। बाजार भागीदारों को यह भी उम्मीद है कि अमेरिका का केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व इस सप्ताह के अंत में होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती करेगा, तथा 2025 में इसमें एक प्रतिशत तक की और कटौती का अनुमान है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 84.23 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 84.15 के उच्चस्तर और 84.31 के निचले स्तर के बीच कारोबार के बाद अंत में 21 पैसे की गिरावट के साथ 84.30 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की बढ़त के साथ 84.09 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, 'आशंका है कि अमेरिकी डॉलर में मजबूती और एफआईआई की निकासी के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की प्रवृत्ति में वृद्धि और जिंस कीमतों में गिरावट से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है।' चौधरी ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किसी भी तरह का हस्तक्षेप निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकता है। इस सप्ताह के अंत में एफओएमसी की बैठक के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। अमेरिकी डॉलर/रुपया की हाजिर कीमत के 84.10 से 84.40 के बीच कारोबार करने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.34 प्रतिशत मजबूत रहा।

# ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडे से भारतीय सामान पर बढ़ सकता है शुल्क


**नई दिल्ली (भाषा)।**

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद अब यदि नया अमेरिकी प्रशासन 'अमेरिका प्रथम' एजेंडे को आगे बढ़ाने का फैसला करता है, तो भारतीय निर्यातकों को वाहन, कपड़ा और फार्मा जैसे सामान के लिए ऊंचे सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

विशेषज्ञों ने कहा कि ट्रंप एच-1बी वीजा नियमों को भी सख्त कर सकते हैं, जिससे भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों की लागत और वृद्धि पर असर पड़ेगा। भारत में 80 प्रतिशत से अधिक आईटी निर्यात आय अमेरिका से आती है, जिससे वीजा नीतियों में बदलाव के प्रति भारत संवेदनशील हो जाता है।

अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। अमेरिका से भारत का वार्षिक कारोबार 190 अरब डॉलर से अधिक है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रंप चीन के बाद अब भारत और अन्य देशों पर भी शुल्क लगा सकते हैं। ट्रंप ने पहले भारत को 'बड़ा शुल्क दुरुपयोगकर्ता' कहा था और अक्टूबर, 2020 में भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया था।

उन्होंने कहा कि इन टिप्पणियों से पता चलता है कि ट्रंप का दूसरा कार्यकाल कठिन व्यापार वार्ता ला सकता है। श्रीवास्तव ने कहा, 'उनका अमेरिका प्रथम एजेंडा संभवतः



सुरक्षात्मक उपायों पर जोर देगा, जैसे कि भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क, जो संभवतः वाहन, शराब, कपड़ा और फार्मा जैसे प्रमुख भारतीय निर्यात के लिए बाधाएं बढ़ा सकता है। ये बढोतरी अमेरिका में भारतीय उत्पादों को कम प्रतिस्पर्धी बना सकती है, जिससे इन क्षेत्रों में राजस्व प्रभावित हो सकता है।'

हालांकि, उन्होंने कहा कि चीन के प्रति अमेरिका का सख्त रुख भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। दोनों देशों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 120 अरब डॉलर रहा, जबकि 2022-23 में यह 129.4 अरब डॉलर था। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ बिस्वजीत धर ने कहा कि ट्रंप विभिन्न क्षेत्रों में शुल्क बढाएंगे क्योंकि उन्हें 'एमएजीए' (अमेरिका को फिर से महान बनाओ) के अपने आह्वान का पालन करना है। धर ने कहा, 'ट्रंप के सत्ता में आने के साथ हम संरक्षणवाद के एक अलग युग में प्रवेश करने जा रहे हैं।'


उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों पर इसका असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जैसा कि पहले ट्रंप ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप (टीपीपी) से बाहर निकल चुके हैं, आईपीईएफ (समृद्धि के लिए हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचा) पर काले बादल छा सकते हैं। 14 देशों के इस ब्लॉक को अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों द्वारा 23 मई, 2022 को टोक्यो में शुरू किया गया था।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, 'हम उम्मीद कर सकते हैं कि ट्रंप अधिक संतुलित व्यापार के लिए दबाव डालेंगे।



## धर्मेंद्र ने बॉबी और अभय के बचपन की तस्वीरें साझा की

**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड के दिग्गज स्टार धर्मेंद्र ने अभय और बॉबी देओल के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें साझा की हैं। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर एक मोनोक्रोम फोटो शेयर की, जिसमें दोनों भाई एक सफेद घोड़े पर बैठे हैं, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि घोड़े का नाम जोरा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'दोस्तों, बॉबी और अभय मेरे सफेद घोड़े ज़ोरा पर सवार हैं।' धर्मेंद्र के भतीजे अभय ने 2005 में इम्तियाज अली की रोमांटिक कॉमेडी 'सोचा न था' से फ़िल्मी करियर की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने आयशा टाकिया के साथ काम किया था।



## 'सिंघम अगेन' ने कमाए 150 करोड़

**मुंबई, (वार्ता)। अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, रवि किशन और जैकी श्राफ की अहम भूमिका है।**



# कसकर पेटीकोट बांधने से त्वचा कैंसर की आशंका

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अगर आपको रोजाना साड़ी पहनने का शौक है तो आपको सावधान रहने की जरूरत है। बिहार और महाराष्ट्र के डॉक्टरों ने एक चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि साड़ी के साथ पहने जाने वाले पेटीकोट को ज्यादा कसकर बांधने से आपको त्वचा कैंसर हो सकता है। वर्धा के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और बिहार के मधुबनी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉक्टरों ने कैंसर से पीड़ित दो महिलाओं का इलाज करने के बाद चेतावनी देते हुए कहा कि पारंपरिक रूप से भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में साड़ी के नीचे पहने जाने वाले अंडरस्कर्ट (पेटीकोट) के कसकर बांधे जाने के कारण लगातार घर्षण होता है। जिससे त्वचा में सूजन आ सकती है। कई बार ऐसे में छाले हो सकते हैं और कुछ मामलों में त्वचा कैंसर भी हो सकता है। इसको पहले साड़ी कैंसर के नाम से संबोधित किया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने बीएमजे केस रिपोर्ट्स में प्रकाशित अध्ययन में बताया कि कमर की डोरी की कसावट ही इसके लिए जिम्मेदार है, और इसलिए इसे 'पेटीकोट कैंसर' का नाम दिया गया। पहले मामले में 70 वर्षीय महिला ने चिकित्सा सहायता मांगी थी क्योंकि उसके दाहिने हिस्से पर 18 महीने से त्वचा का दर्दनाक अल्सर था जो ठीक नहीं हो रहा था। आस-पास की त्वचा ने भी अपना रंग खो दिया था। यह महिला शुरू से ही साड़ी पहना करती थी। डॉक्टरों ने महिला की बायोप्सी की, जिसके बाद पता चला कि महिला को मार्जोलिन अल्सर था, जिसे स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा (अल्सरेटेड स्किन कैंसर) भी कहा जाता है। डॉक्टरों ने बताया कि मार्जोलिन अल्सर आमतौर पर कम देखने को मिलता है। मगर यह बेहद ही खतरनाक होता है। यह पुराने जलने के घावों, न भरने वाले घावों, पैर के अल्सर, तपेदिक त्वचा गांठ और टीकाकरण और सांप के काटने से बने जख्मों में विकसित हो सकता है। डॉक्टरों ने कहा कि हालांकि अभी भी इस चीज का पता नहीं चल पाया है कि आखिर किस प्रकार अल्सर या घाव घातक बन जाते हैं। उन्होंने कहा, कमर पर लगातार दबाव के कारण अक्सर त्वचा कमजोर हो जाती है, जिससे घाव या छाले बन सकते हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि यह अल्सर अक्सर तंग कपड़ों के कारण लगातार दबाव के चलते पूरी तरह से ठीक नहीं होता है। एक पुराना घाव बन जाता है, जो आगे चलकर खतरनाक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ त्वचा पर दबाव को कम करने के लिए साड़ी के नीचे एक ढीला पेटीकोट पहनने की सलाह देते हैं, और यदि त्वचा संबंधी समस्याएं विकसित होती हैं तो उस क्षेत्र को ठीक करने के लिए ढीले कपड़े पहनने की सलाह देते हैं।



**कमर की डोरी की कसावट ही इसके लिए जिम्मेदार है, और इसलिए इसे 'पेटीकोट कैंसर' का नाम दिया गया।**

## प्रभास ने लॉन्च की 'द स्क्रिप्ट क्राफ्ट' वेबसाइट, लेखकों के लिए नया मंच



**मुंबई (वार्ता)।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास ने राइटर्स को सपोर्ट और प्रोत्साहन देने के लिए द स्क्रिप्ट क्राफ्ट नामक वेबसाइट लॉन्च की है। द स्क्रिप्ट क्राफ्ट पर राइटर अपनी कहानी के आईडिया को 250 शब्दों के सारांश में भेज सकते है। दर्शक फिर आइडियाज को पढ़ सकते है और रेट कर सकते है, और जो सबसे ज्यादा पॉपुलर कहानियां होगी, वो टॉप पर आ जाएगी। इसमें फीडबैक सिस्टम में कमेंट्स के बजाय रेटिंग्स का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे एक सकारात्मक माहौल बनता है, जो राइटर्स को अपने आइडियाज के लिए आत्मविश्वास और समर्थन देता है।



## एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तबीयत खराब

*मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा को बुखार, शरीर में दर्द और आंखों में संक्रमण की समस्या है। नुसरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर एक कार सेल्फी ली। फोटो में, वह काले रंग की पोशाक और धूप का चश्मा पहने हुए कार की पिछली सीट पर बैठी हुई दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि बीमार होने के बावजूद वह खुद को 'खींचकर' एक मीटिंग के लिए ले गईं। कैप्शन में लिखा था, दीपावली के बाद की स्थिति, सर्दी, बुखार, खांसी, शरीर में दर्द और.. कुछ अप्रत्याशित आंखों में इन्फेक्शन! फिर भी किसी तरह खुद को मीटिंग में खींच रही हूं! पिछले सप्ताह उन्होंने पहली बार केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिर का दौरा किया था।*

# संजीव कुमार


## छोटी उम्र में निभा गए बड़े रोल

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड में संजीव कुमार को ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलो मे खास जगह बना ली थी। मुंबई में 09 जुलाई 1938 को एक मध्यम वर्गीय गुजराती परिवार में जन्मे संजीव कुमार बचपन से ही फिल्मों में नायक बनने का सपना देखा करते थे। इस सपने को पूरा करने के लिये उन्होंने फिल्मालय के एक्टिंग स्कूल में दाखिला लिया। वर्ष 1962 में राजश्री प्रोडक्शन की निर्मित फिल्म 'आरती' के लिये उन्होंने स्क्रीन टेस्ट दिया, जिसमें वह पास नहीं हो सके। संजीव कुमार को मुख्य अभिनेता के रूप में 1965 में प्रदर्शित फिल्म 'निशान' में काम करने का मौका मिला।

वर्ष 1960 से 1968 तक संजीव कुमार फिल्म इंडस्ट्री मे अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। फिल्म 'हम हिंदुस्तानी' के बाद उन्हें जो भी भूमिका मिली वह उसे स्वीकार करते चले गए। इस बीच उन्होंने स्मगलर पति-पत्नी, हुस्न और इश्क, बादल, नौनिहाल और गुनहगार जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों मे अभिनय किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं रही।



वर्ष 1968 मे प्रदर्शित फिल्म 'शिकार' में संजीव कुमार पुलिस ऑफिसर की भूमिका में दिखाई दिए। यह फिल्म पूरी तरह अभिनेता धर्मेन्द्र पर केन्द्रित थी फिर भी संजीव अपने अभिनय की छाप छोड़ने में वह कामयाब रहे। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिए उन्हें सहायक अभिनेता का फिल्म फेयर अवार्ड भी मिला। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म खिलौना की जबरदस्त कामयाबी के बाद संजीव कुमार ने नायक के रूप में अपनी अलग पहचान बना ली। वर्ष 1970 में ही प्रदर्शित फिल्म 'दस्तक' में लाजवाब अभिनय के लिये उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 1972 मे प्रदर्शित फिल्म 'कोशिश' में उनके अभिनय का नया आयाम दर्शकों को देखने को मिला। इस फिल्म में गूंगे की भूमिका निभाना किसी भी अभिनेता के लिए बहुत बड़ी चुनौती थी। बगैर संवाद बोले सिर्फ आंखों और चेहरे के भाव से दर्शकों को सब कुछ बता देना संजीव कुमार की अभिनय प्रतिभा का ऐसा उदाहरण था, जिसे शायद ही कोई अभिनेता दोहरा पाए। इस फिल्म में उनके लाजवाब अभिनय के लिए उन्हें दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।



अभिनय में एकरूपता से बचने और स्वयं को चरित्र अभिनेता के रूप में भी स्थापित करने के लिये संजीव कुमार ने अपने को विभिन्न भूमिकाओं में पेश किया। इस क्रम में 1975 में प्रदर्शित रमेश सिप्पी की सुपरहिट फिल्म 'शोले' में वह फिल्म अभिनेत्री जया भादुडी के ससुर की भूमिका निभाने से भी नहीं हिचके। हालांकि संजीव कुमार ने फिल्म शोले के पहले जया भादुड़ी के साथ कोशिश और अनामिका में नायक की भूमिका निभाई थी। संजीव कुमार दो बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किये गये है। अपने दमदार अभिनय से दर्शकों में खास पहचान बनाने वाला यह अजीम कलाकार 06 नवम्बर 1985 को इस दुनिया को अलविदा कह गया।

## रामायण - पार्ट 1 और 2 की रिलीज डेट का ऐलान !

**मुंबई (वार्ता)।** फिल्मकार नितेश तिवारी निर्देशित महाकाव्य रामायण - पार्ट 1 और 2 की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। प्राइम फोकस स्टूडियोज के विजनरी लीडर के तौर पर, नमित मल्होत्रा ने हॉलीवुड के कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम किया है, जैसे ड्यून और इंसेप्शन, और हालिया हिट द गारफील्ड मूवी भी इसमें शामिल है। उन्होंने एंग्री बर्ड्स 3 का भी अनाउंसमेंट किया है। नमित मल्होत्रा की विजुअल स्टोरीटेलिंग की गहरी समझ उन्हें हॉलीवुड के सबसे खास इंडियंस में से एक बनाती है। नमित ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर रिलीज करते हुए लिखा है, ''एक दशक से ज्यादा समय पहले, मैंने इस महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने की कोशिश शुरू की, जिसने 5000 साल से भी ज्यादा वक्त तक अरबों दिलों पर राज किया है। और आज, मुझे इसे खूबसूरती से आकार लेते हुए देखकर खुशी हो रही है।




# सारा

## चांद देख बोलीं सेट पर आया नया मेहमान

**मुंबई (आईएएनएस)।** अभिनेत्री सारा अली खान के सेट पर एक नया मेहमान उस वक्त आया जब वह अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रही थीं। सारा ने इंस्टाग्राम पर स्टोरीज सेक्शन में अपनी नाइट शूट की एक तस्वीर शेयर की। इसमें अर्धचंद्र की तस्वीर भी दिख रही थी। सारा ने बताया कि किस्मत से चंदू जी (चांद) का दीदार हुआ है। फोटो शेयर कर सारा ने लिखा कि आज सेट पर नया मेहमान आया चंदू जी, बहुत समय बाद किस्मत ने कराया दीदार। अभिनेत्री ने इससे पहले शूटिंग स्थानों से 'सूरज' की एक तस्वीर साझा की थी। सारा खान अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। वह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। घूमने के लिए आउट ऑफ स्टेशन हो या फिर शूटिंग का लोकेशन, सारा अपने फैंस के लिए मजेदार और प्रेम से भरे कैप्शन के साथ सुंदर तस्वीरें जरूर शेयर करती हैं। हाल ही में सारा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में सारा दिखाई देती हैं। वीडियो में चारों तरफ बादल दिखाई दे रहे हैं और सारा ने लिखा, आज में ऊपर आसमान नीचे, कभी नहीं देखे ऐसे बादलों के बगीचे।

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड फिल्मकार सूरज बड़जात्या ने दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर की तारीफ करते हुए कहा है कि उनके जैसा कोई नहीं है। सूरज बड़जात्या और अनुपम खेर पिछले चार दशकों से रचनात्मक सहयोगी और दोस्त रहे है! बहुत कम लोग जानते है कि सूरज और अनुपम की पहली मुलाकात महेश भट्ट निर्देशित फिल्म सारांश के सेट पर हुई थी। यह अनुपम का डेब्यू था,



## अनुपम खेर जैसा कोई नहीं : सूरज बड़जात्या

और उस समय सूरज बड़जात्या इस राजश्री प्रोडक्शंस की क्लासिक फिल्म में चौथे सहायक निर्देशक के रूप में काम कर रहे थे। राजश्री प्रोडक्शंस के आधिकारिक सोशल मीडिया पर, सूरज बड़जात्या ने अपने दोस्त और सहयोगी अनुपम खेर के लिए प्रशंसा पत्र लिखा है, जो उनके 40 साल के फिल्मी सफर को सलाम करता है। सूरज बड़जात्या ने लिखा,मैंने हिंदी सिनेमा में अनुपम सर के 40 साल लंबे सफर को करीब से देखा है।





## 'थामा' मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट

# आयुष्मान खुराना

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था।

आयुष्मान ने कहा, मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मै इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूँ। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है। एक दोस्त, सहयोगी और उनके काम का प्रशंसक होने के नाते मै देख सकता हूँ कि उनके भव्य विस्तार के विचारों के साथ यह यूनिवर्स और भी ताकतवर बनेगा। बाला के बाद फिर से दिनेश विजन के साथ काम करने पर आयुष्मान ने कहा, दिनेश और मेरे बीच एक जैसी दृष्टि है। हमारी फिल्म बाला को दर्शकों ने एक नए दृष्टिकोण के लिए सराहा था। थामा हमारी दूसरी फिल्म है, जो इतनी नई है कि लोग इसे देख चौंक जाएंगे। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो भारत में पहले किसी ने नहीं देखा। दिनेश, निर्देशक आदित्य सरपोतदार और लेखक निरेन भट्ट जैसे साथी क्रिएटिव के साथ काम करने के लिए मै बेहद उत्साहित हूं।

थामा को अपने करियर की सबसे खास फिल्म बताते हुए आयुष्मान ने कहा, यह हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पहली लव स्टोरी है, और यह अपने आप में रोमांचक है। इसकी 'ब्लडी' लव स्टोरी का वादा आज के दर्शकों के लिए बिल्कुल नया और रोमांचक है। अपने करियर में मैंने हमेशा ऐसे ही अनोखे प्रोजेक्ट्स की तलाश की है और मुझे खुशी है कि महान निर्देशक और फिल्म निर्माता मुझे इस तरह की फिल्में बनाने का मौका देते हैं।


चैंपियंस लीग : चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर लिवरपूल

# रियल मैड्रिड और सिटी की बड़ी हार डियाज़ की हैट्रिक से जीता लिवरपूल

एजेंसी ▸▸| मिलान

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज़ की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।



### रियल की शर्मनाक हार

पंद्रह बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए। अन्य मैचों में जर्मन फारवर्ड निकोलस कुह्न के दो गोल की मदद से सेल्टिक ने घरेलू मैदान पर लीपज़िग को 3-1 से हराया जबकि युवेंटस ने लिली के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला।

### ग्योकेरेस के तीन गोल

फिल फोडेन ने चौथे मिनट में गोल करके मैनचेस्टर सिटी को शानदार शुरुआत दी, लेकिन स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस की हैट्रिक की मदद से स्पोर्टिंग ने जोरदार वापसी की। उसकी तरफ से एक अन्य गोल मैक्सिमिलियानो अराउजो ने किया। मैनचेस्टर सिटी को वापसी का मौका मिला लेकिन हालैंड का पेनल्टी पर लिया गया शॉट क्रॉसबार से टकरा गया।



### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया। फैबियो कार्डोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी। वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए।

## मनदीप बने वर्ल्ड चैंपियन जीता डब्लूबीएफ खिताब




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है।

■ पेशेवर कॅरियर में 12 मुकाबलों में 11वीं जीत

ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कोनोर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी। जांगड़ा ने कहा, यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की।

यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका।जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अभी तक 12 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, जिनमें सात नॉकआउट जीत शामिल हैं। उन्होंने एमेच्योर मुक्केबाज के रूप में 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलिया की 3-1 से जीत निश्चित : पोंटिंग

**दुबई।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना 'सबसे बड़ी चुनौती' होगी। ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है।

### वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

### अफ्रीका में युवाओं को मौका मिलने की उम्मीद



**मुंबई।** पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकार्ड को देखते हुए भारतीय टी20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं।

## जलज 400 विकेट और 6000 रन बनाने वाले पहले रणजी क्रिकेटर

एजेंसी ▸▸| थुम्बा

घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी जलज सक्सेना रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 400 विकेट और 6000 रन की उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस 37 वर्षीय स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने पिछले सप्ताह बंगाल के खिलाफ 84 रन की पारी खेलकर 6000 रन का आंकड़ा पार किया था।

उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 17 ओवर में 56 रन देकर पांच विकेट चटकाकर 400 विकेट का आंकड़ा पार किया। उनके इस प्रयास से केरल ने उत्तर प्रदेश को 60.2 ओवर में 162 रन पर समेट दिया। बासिल थम्पी ने 18 रन देकर दो विकेट झटके। जवाब में केरल ने स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 82 रन बना लिए जिससे वह उत्तर प्रदेश से 80 रन से पीछे है।




### अय्यर का नाबाद शतक मुंबई ने बनाए 385 रन

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर ने टीम में वापसी करते हुए नाबाद 152 रन की पारी खेली जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के पहले दिन बुधवार को यहां ओडिशा के खिलाफ तीन विकेट पर 385 रन बनाए। अय्यर को सिद्धेश लाड (नाबाद 116 रन) का अच्छा साथ मिला। मध्यक्रम के ये दोनों बल्लेबाज अब तक चौथे विकेट के लिए 231 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। भारतीय बल्लेबाज अय्यर 164 गेंद की अपनी पारी में अब तक 18 चौके और चार छक्के लगा चुके हैं। यह उनका लगातार दूसरा रणजी शतक है। उन्होंने अपने पिछले मैच में 142 रन बनाए थे। अय्यर और लाड 41वें ओवर में उस समय एक साथ आए जब बिपलब सामंत्रेय ने लगातार गेंदों पर सलामी बल्लेबाज अंगकृष्ण रघुवंशी (92 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (00) को आउट किया।

## किरण जॉर्ज की कोरिया मास्टर्स में शानदार जीत

एजेंसी ▸▸| इसकान सिटी

भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया। भारतीय खिलाड़ी ने तीसरे और निर्णायक गेम में भी जीत की लय बरकरार रखते हुए एक घंटे से कम समय में मुकाबला अपने नाम किया।



## टेस्ट रैंकिंग : पंत 5 पायदान के उछाल से छठे स्थान पर

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं। यशस्वी जायसवाल एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए। केन विलियमसन दूसरे स्थान) के साथ न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी हैं।

इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं। भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे।



### जडेजा को पायदा, छठे स्थान पर पहुंचे

रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमशः 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

## उत्तराखंड में 28 जनवरी से होंगे 38वें राष्ट्रीय खेल

**देहरादून।** उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अगले वर्ष 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होगा। भारतीय ओलंपिक संघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे एक पत्र में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की इन तिथियों पर अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। संघ की ओर से आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच विभिन्न समितियों के गठन की सूचना भी दी गई है। पिछले माह अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों की तारीख घोषित किए जाने का अनुरोध किया था और उन्होंने तभी आयोजन की प्रस्तावित तारीखों को सहर्ष अपनी स्वीकृति दे दी थी। अब राष्ट्रीय खेलों की तिथि का औपचारिक ऐलान कर दिया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल महाकुंभ के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है और इस आयोजन को यादगार बनाने में कोई भी कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।



## गॉफ जीतीं, सबालेंका शीर्ष पर रहकर करेंगी साल का अंत

एजेंसी ▸▸| रियाद

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्लूटीए फाइनल्स में इगा स्वियाटेक पर 6-3, 6-4 की जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस नतीजे का मतलब है कि पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियाटेक इस हफ्ते रैंकिंग में दूसरे स्थान से ऊपर नहीं जा सकेंगी और आर्यना सबालेंका पहली बार साल का अंत शीर्ष स्थान से करेंगी। यह 2023 अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ की 2023 सिनसिनाटी ओपन के बाद स्वियाटेक पर पहली जीत है। दोनों के बीच करियर में 13 भिड़ंत में यह गॉफ की दूसरी जीत भी रही। विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेजसिकोवा ने जेसिका पेगुला पर 6-3, 6-3 की जीत से अपने अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद जीवंत रखी है। इससे पेगुला का सफर टूर्नामेंट में खत्म हो गया जो पहले मैच में गॉफ से सीधे सेट में हार गई थीं।



## भारत 'ए' : राहुल की फॉर्म पर होंगी नजरें

**मेलबर्न।** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में राष्ट्रीय चयन समिति की नजरें केएल राहुल की बल्लेबाजी और मौजूदा फॉर्म पर लगी होंगी।
राहुल को छोड़कर भारत ए के लाइन-अप में ऐसा कोई भी खिलाड़ी नहीं है जो एमसीजी में खेला हो जिसमें भारत को 26 दिसंबर से 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट खेलना है। टीम प्रबंधन की सलाह पर भारतीय चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट के बीच में बाहर किए गए राहुल और रिजर्व विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पर्थ में सीनियर टीम से जुड़ने से पहले दूसरे ए टेस्ट के लिए भेजने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में अनुभवी स्कॉट बोलैंड भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के सीनियर रिजर्व तेज गेंदबाजों में से एक बोलैंड के मैदान पर उतरने से अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, बी साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मुकाबला कड़ी चुनौती होगा।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खोला मोर्चा, ए टीमों के मैच की घटना

# वार्नर, कोवान ने बॉल टेंपरिंग पर मांगा स्पष्टीकरण

एजेंसी ▸▸| सिडनी

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है। वार्नर ने कहा, 'मेरा मानना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को अंतिम फैसला करना है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम इन गर्मियों में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आने वाली है और इसलिए यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया। लेकिन अगर अंपायरों को लगता है कि कुछ हुआ है, तो मुझे यकीन है कि इस पर आगे की कार्रवाई होगी। मुझे लगता है कि अंपायरों या मैच रेफरी को इस मामले में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए।'



वार्नर के पूर्व सलामी जोड़ीदार और न्यू साउथ वेल्स के वर्तमान बोर्ड निदेशक कोवान ने कहा, 'मुझे यही लगता है कि अगर विरोधी टीम भारत नहीं होता तो प्रतिक्रिया पूरी तरह से अलग होती। अगर वह पाकिस्तान ए, या इंग्लैंड ए, या कोई ए टीम, या यहां तक कि शील्ड मैच होता, तो प्रतिक्रिया पूरी तरह से अलग होती और मेरे लिहाज से यह पूरी तरह से गलत रवैया है।'

### भारत-ए के खिलाफ आस्ट्रेलिया ने बदला था गेंद

भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है।'

## रित्विक-केब्रल का उलटफेर शीर्ष वरीय जोड़ी को हराया



एजेंसी ▸▸| मेट्ज

भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की शीर्ष वरीय जोड़ी को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में 7-6 6-4 से हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। सुमित नागल और एन श्रीराज बालाजी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट में अपने अपने वर्ग में पहले दौर में हार के साथ बाहर हो चुके हैं।

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र

NAMASTE RAJASTHAN

# नमस्ते राजस्थान

खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता

E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.Com
nrnews100@gmail.com

राजस्थान



भीलवाड़ा
गुरुवार 7 नवंबर, 2024

एक नजर

## वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक



### योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बचनेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को अंबेडकर भवन स्थित निदेशालय के सभागार में विभिन्न योजना प्रभारियों और जिलाधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निदेशक ने अधिकारियों की कार्य-प्रणाली को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सही जरूरतमंद व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को छात्रवृत्ति योजना के तहत लंबित आवेदनों एवं छात्रवृत्ति संबंधित आपत्तियों का निस्तारण प्रभावी तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने 75 प्रतिशत से कम छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने वाले जिलाधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की छात्रवृत्ति पोर्टल पर अधिक से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन करवाए। अग्रवाल ने सभी जिलाधिकारियों को लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करने और एट्रोसिटी से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन और पालनहार योजना में वार्षिक भौतिक सत्यापन से शेष रहे प्रकरणों का समयबद्ध सत्यापन किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा से अनुमोदन के बाद ही पेंशनर्स की पेंशन बंद करने या उसका नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाए।

इसके अतिरिक्त अग्रवाल ने नशा मुक्त भारत अभियान, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण, संपर्क पोर्टल, ई फाइलिंग के निस्तारण सहित अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

बैठक में विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। सभी जिलाधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

## अधीक्षक बनने के लिए 13 डॉक्टरों ने दिखाई रुचि

### एसएमएस मेडिकल कॉलेज को मिले 13 आवेदन, वर्तमान में कार्यरत अधीक्षकों ने भी किया फिर भरा आवेदन

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटलों में अधीक्षक पद के लिए 13 डॉक्टरों ने आवेदन किया है। इन आवेदन में इस बार एक भी महिला डॉक्टर ने आवेदन नहीं किया। इन आवेदनों को अब सरकार को भिजवाया जाएगा, जिसके बाद इनके इंटरव्यू किए जाएंगे।

दरअसल मेडिकल एज्युकेशन डिपार्टमेंट ने जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज समेत प्रदेश के अन्य 5 मेडिकल कॉलेज से अटैच सरकारी हॉस्पिटल में नए अधीक्षक लगाने के लिए 4 नवंबर से आवेदन मांगे थे। इसकी बुधवार को आखिरी तारीख थी।

जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल एसएमएस हॉस्पिटल, स्टेट कैंसर हॉस्पिटल, जेके लोन, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पं. दीनदयाल उपाध्याय गणगौरी हॉस्पिटल, कावंटिया हॉस्पिटल, सैटेलाइट बनीपार्क और एस.आर गोयल हॉस्पिटल सेठी कॉलोनी में अधीक्षक पद के लिए आवेदन मांगे। इसके लिए कुल 13 डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज में आवेदन पत्र जमा करवाए है।

### इन डॉक्टरों ने किया आवेदन

एसएमएस हॉस्पिटल के वर्तमान कार्यवाहक अधीक्षक सुशील भाटी के अलावा जे.के. लोन हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. कैलाश मीणा, ट्रोमा सेंटर के इंचार्ज और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग धाकड़, एसएमएस इमरजेंसी इंचार्ज डॉ. बी.पी. मीणा, कावंटिया के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. आर.एस. तंवर, सैटेलाइट हॉस्पिटल आदर्श नगर के कार्यवाहक अधीक्षक गोवर्धन मीणा, स्टेट कैंसर हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा, एसएमएस में सीटीवीएस सर्जरी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. संजीव देवगढ़ा ने आवेदन किया है।

इनके अलावा सीनियर कैंसर रोड विशेषज्ञ डॉ. सुरेश सिंह, सीनियर रेडियोथैरेपिस्ट रविंद्र गोठवाल, गेस्ट्रोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. प्रचीश अशधीर, जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. लिनेश्वर हर्षवर्धन और सीनियर चेस्ट स्पेशलिस्ट महेन्द्र बैनाड़ा ने भी आवेदन किया है।

राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन में बोले राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष

# भारत और राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित : देवनानी

### प्रधानमंत्री मोदी और राजस्थान सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तीकरण की योजनाओं को सम्मेलन में किया रेखांकित

नमस्ते राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत और राजस्थान में महिलाएँ पूरी तरह से सुरक्षित हैं। भारत और राजस्थान में महिलाओं की सुदृढ़ता के लिये अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। केन्द्र एवं राजस्थान राज्य की सरकार महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के भेदभाव और हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में प्रभावी कानून और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन्द्र व राज्यों में महिलाओं की सुदृढ़ता के लिए चलाई जा रही योजनाओं से लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने और भेदभाव का मुकाबला करने के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए सम्पूर्ण राष्ट्र में नया वातावरण बना है।

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को आस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने भेदभावपूर्ण कानून का मुकाबला-लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ 365 की सक्रियता, संसदीय प्रक्रियाओं और परम्पराओं में कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग अवसर और चुनौतियां तथा मानकीकरण , मानक और दिशानिर्देश- सर्वोत्तम परम्पराओं को अपनाने के माध्यम से संसद को मजबूत बनाने आदि विषयों पर सम्मेलन को संबोधित किया।

### लिंग आधारित भेदभाव समाप्त करने के लिए भारत प्रतिबद्ध

देवनानी ने कहा कि भारत और राजस्थान लिंग आधारित भेदभाव समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए केन्द्र और राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। सुरक्षित राष्ट्र और सुरक्षित राजस्थान के लिये केन्द्र व राजस्थान सरकार प्रत्येक दिन नये सिरे से नई परिस्थितियों के अनुरूप नई योजनाओं के साथ नये सिरे से महिला सुरक्षा का वातावरण बनाने का सफल प्रयास कर रही है।

### प्रधानमंत्री की महिला सुरक्षा योजनाएं बना रही है प्रभावी वातावरण

देवनानी ने कहा कि भारत में केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री की महिला सुरक्षा की योजनाएँ प्रभावी वातावरण बना रही है। इन योजनाओं से महिलाएं लाभांवित हो रही हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, नारी शक्ति वंदन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, मिशन शक्ति योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और महिला समृद्धि जैसी अनेक योजनाओं से भारत में महिलाएँ मजबूत और सुरक्षित हुई हैं। इन योजनाओं के बेहतर परिणाम समाज के सामने आ रहे है। ऐसी प्रभावशाली योजनाएँ लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को रोकने में सफल हुई हैं।

### भेदभावपूर्ण कानून का मुकाबला और लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ 365 दिन की सक्रियता जरूरी

अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि एक सुरक्षित दुनिया प्रदान करने वाले सम्मेलनों के प्रति सभी राष्ट्र और राज्यों को अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करना होगा ताकि महिलाओं को पुरुषों के साथ समानता से वंचित नहीं किया जा सके और अपराधियों के प्रति अधिकारियों की जवाबदेहता सुनिश्चित हो सके। इसके लिये सभी को एकजुट होकर भेदभावपूर्ण लिंग आधारित हिंसा को रोकने के लिए सक्रिय भागीदारी निभानी होगी।

### राजस्थान विधान सभा सदन की कार्यवाही का हो रहा है सजीव प्रसारण

देवनानी ने कहा कि कृत्रिम बद्धिमता से विधायी मण्डलों को नियमित कार्यों को सुचालित करने और जटिल डेटा के विश्लेषण करने के नये अवसर मिले है। राजस्थान विधान सभा में सदन की कार्यवाही का सजीव प्रसारण किया जा रहा है। ई-विधान के माध्यम से विधान सभा की सभी प्रक्रियाओं को डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इससे विधान सभा के सभी कार्य पेपर लैस हो जायेंगे। विधायी मण्डलों के लिये यह नवाचार है। वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य विधान सभा के लिये राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के मानक, मानकीकरण और दिशानिर्देश महत्वपूर्ण साबित हो रहे है। इनसे निष्पक्ष प्रक्रियाओं और प्रक्रियात्मक परिणामों के मूल सिद्धांतों के पालन में सहयोग मिल रहा है। लोकतांत्रिक जीवन की गुणवत्ता को बनाये रखने और सामूहिक रूप से सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों का विश्वास सुदृढ हो रहा है।

## नागौर में वायुसेना के हेलिकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग

### तकनीकी खामी के चलते नीचे उतारा, 4 घंटे बाद भरी उड़ान

नमस्ते राजस्थान



**मेड़ता।** भारतीय वायुसेना के रूद्र हेलिकॉप्टर की नागौर के मेड़ता में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। बताया जा रहा है कि तकनीकी खामी आने के कारण इसे जसनगर के खेत में लैंड कराया गया। तकनीकी खामी को दूर करने के बाद हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी।

दरअसल, वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर जोधपुर से जयपुर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान एक रुद्र हेलिकॉप्टर में पायलट को हेलिकॉप्टर में कुछ गड़बड़ी दिखी, इसलिए सावधानी रखते हुए उसे लैंड कराना पड़ा। भारतीय वायु सेना का रूद्र हेलिकॉप्टर जोधपुर से जयपुर जा रहा था।

मेड़ता डीएसपी रामकरण मलिंदा ने बताया- एक्सपर्ट की टीम पहुंची। जहां तकनीकी खामी ठीक होने के बाद हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह दो हेलिकॉप्टर दिखाई दिए थे। कुछ देर बाद सवा 10 बजे एक हेलिकॉप्टर कस्बे के पास ही एक खेत में उतर गया। मेड़ता सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। साथ ही इंडियन एयरफोर्स की एक्सपर्ट टीम भी मौके पर पहुंचकर हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी दूर किया। इसके बाद दोपहर 2.15 बजे हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी।

### सिविल लाइन, शांति नगर एवं सी स्कीम क्षेत्र में 8 नवम्बर को प्रातः कालीन पेयजल आपूर्ति में रहेगी आंशिक देरी

**जयपुर।** बीसलपुर जयपुर पेयजल परियोजना के अन्तर्गत 700 एम.एम व्यास की एम एस ट्रांसमिशन लाइन को बदलने का कार्य जमनालाल बजाज मार्ग पर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रेलवे क्रॉसिंग पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण जयपुर शहर के सिविल लाइन, शांति नगर एवं सी स्कीम क्षेत्र में 8 नवम्बर शुक्रवार को प्रातः कालीन होने वाली पेयजल सप्लाई में सिविल लाइन, शांति नगर एवं सी स्कीम क्षेत्र में 8 नवम्बर शुक्रवार को प्रातः कालीन आपूर्ति में आंशिक देरी होने की संभावना रहेगी। अतिरिक्त मुख्य अभियंता क्षेत्र जयपुर (द्वितीय) शुभाँशु दीक्षित ने बताया कि इस क्षेत्र के प्रभावित आमजन समुचित मात्रा में पेयजल का संग्रहण कर ले ताकि उन्हें किसी भी तरह की समस्या नहीं आए।

## जयपुर में 1.5 करोड़ के आईफोन-टैबलेट चोरी

### 500 मीटर दूर पुलिस स्टेशन, 20 मिनट तक शोरूम के अंदर लूटपाट

नमस्ते राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर में 20 मिनट में तीन बदमाश 1.5 करोड़ रुपए के एप्पल के गैजेट्स और आईफोन चुराकर फरार हो गए। वारदात जवाहर नगर थाना इलाके के एक मोबाइल शोरूम में गुरुवार सुबह चार बजे की है।

शोरूम का शटर टूटा देखकर आसपास के लोगों ने दुकान मालिक और पुलिस को चोरी की जानकारी दी। लूटपाट का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस शोरूम से करीब 500 मीटर दूरी पर ही पुलिस स्टेशन है। दुकान मालिक रविंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 3.30 बजे बाइक पर तीन बदमाश आए थे। कुछ देर तक वे दुकान के आगे रैकी करते रहे। इसके बाद मौका देख बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़ दिया।

इनमें से 2 ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। बदमाश बैग भी साथ लेकर आए थे। उन्होंने आईफोन के साथ, मैक बुक, टैब और स्मार्ट वॉच समेत करीब 272 प्रोडक्ट्स चुरा लिए। आरोपी लगभग 20 मिनट तक दुकान के अंदर थे।

एसीपी शिवकुमार ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर तीनों बदमाशों के स्कैच को तैयार करवा कर इन्हें अलग-अलग थानों में सर्कुलेट कर दिया गया है।

## गोपालन एवं पशुपालन मंत्री ने उदयपुर सरस डेयरी का किया अवलोकन

**जयपुर।** प्रदेश के पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को उदयपुर सरस डेयरी का अवलोकन किया। मंत्री कुमावत ने यहां दुग्ध की प्रोसेसिंग, गुण नियंत्रण, दुग्ध उत्पाद निर्माण अनुभाग का अवलोकन कर उदयपुर दुग्ध संघ द्वारा उत्पादित घी, छाछ, लस्सी, पनीर, श्रीखंड, फ्लेवर्ड मिल्क, कुल्फी, मावा एवं पेड़ा निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली एवं उदयपुर दुग्ध संघ द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। उन्होंने परिसर मे स्थित शबरी पार्लर का विस्तार कर इसे आकर्षक एवं सुंदर बनाने को कहा। उन्होंने गांवों मे डेयरी गतिविधियों को बढाने, अधिक से अधिक पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय से जोड़ने तथा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता बरकरार रखने पर जोर दिया। उन्होंने अन्य डेरियों की तर्ज पर नवाचार करने का सुझाव दिया। प्रारंभ में दुग्ध संघ के अध्यक्ष डालचंद डांगी ने मंत्री कुमावत का साफा एवं उपरणा पहनाकर स्वागत किया।

## जयपुर डिस्कॉम - जनसुनवाई शिविरों में हो रहा विद्युत शिकायतों का मौके पर निस्तारण

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए माह के दूसरे व चतुर्थ मंगलवार को सहायक अभियन्ता कार्यालयों में जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक आयोजित शिविरों में विभिन्न प्रकार की 9477 विद्युत शिकायतों का शिविर स्थल पर ही निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। आगामी शिविरों का आयोजन मंगलवार 12 नवम्बर, 2024 को किया जाएगा। आरती डोगरा ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन इसलिए किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं की बिजली शिकायतों का एक ही स्थान पर शीघ्र निस्तारण हो सके। प्रभावी मॉनिटरिंग व शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित सर्किल के अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशाषी अभियन्ता को भी जनसुनवाई शिविरों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियन्ता कार्यालयों में 27 अगस्त, 10 व 24 सितम्बर एवं 10 व 22 अक्टूबर, 2024 को आयोजित 1080 जनसुनवाई शिविरों में कुल 9595 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें से 9477 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। जिन शिकायतों का शिविर स्थल पर निस्तारण नही हो सका, उनका भी शीघ्र ही निस्तारण कर दिया जाएगा। डिस्कॉम चेयरमैन व जयपुर डिस्कॉम की प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि जनसुनवाई शिविरों में मुख्य रुप से विद्युत सप्लाई में व्यवधान, त्रुटिपूर्ण मीटर, जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में विलम्ब, जमीन पर रखे ट्रांसफार्मरों को यथास्थान रखने, ढीले तारों को व्यवस्थित करने, विद्युत कनेक्शन जारी होने व विच्छेद होने में विलम्ब, मांग पत्र जमा होने वाले व्यक्तियों को कनेक्शन देना, विद्युत लोड की समस्याओं का समाधान, वी.सी.आर. असेसमेन्ट कमेटी व अन्य समझौता समिति द्वारा जारी किए गए निर्णयों को लागू करना, त्रुटिपूर्ण विद्युत विपत्र जारी होने व देरी की समस्याओं का निराकरण, राजकीय विद्यालयों के ऊपर से विद्युत लाइनों को हटाने, कृषि व घरेलू उपभोक्ताओं के लम्बित बिलों में छूट सम्बन्धित एमनेस्टी योजना के प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है।

बिना सूचना सड़क का निर्माण

# बिना सूचना नाहरगढ़ पर प्रवेश बंद, पर्यटकों को हुई परेशानी



नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** नाहरगढ़ फोर्ट पर अचानक देश-विदेश के टूरिस्ट के प्रवेश में व्यवधान आ गया है। आमेर रोड से सड़क का काम अचानक बुधवार से शुरू किया गया है, जिसके चलते पर्यटकों सहित कोई भी नाहरगढ़ फोर्ट पर पहुंच नहीं पा रहा हैं। इससे पर्यटकों को खासी असुविधा हो रही है, पर्यटक निराश होकर आमेर रोड से ही वापस दूसरे डेस्टिनेशन के लिए निकल रहे हैं। सड़क से जुड़े इस कार्य की सूचना जेड़ीए ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को भी नहीं दी, ऐसे में वे भी किसी को भी इस असुविधा की जानकारी नहीं दे पाए। जानकारी के मुताबिक आमेर रोड से लेकर जयगढ़ फोर्ट तक सड़क का कार्य किया जा रहा है, जो कई दिन तक जारी रहेगा। ऐसे में टूरिस्ट के वाहन ऊपर नाहरगढ़ फोर्ट तक नहीं जा पाएंगे। इस स्थिति में लोग ना ही नाहरगढ़ फोर्ट जा पा रहे है और न ही आरटीडीसी के पड़ाव रेस्तरां पर कोई जा पा रहा है। पर्यटक जयगढ़ फोर्ट के अलावा वैक्स म्यूजियम भी नहीं जा पा रहे हैं। नाहरगढ़ पर एयरफोर्स स्टेशन भी है, यहां पर भी काम प्रभावित होना माना जा रहा है। नाहरगढ़ फोर्ट के अधीक्षक सोहन चौधरी ने बताया कि अभी सड़क का कार्य शुरू हुआ है, इसकी जानकारी मुझे पर्यटकों के जरिए ही मिली, जिन्हें ऊपर जाने में असुविधा हुई है। हमें इस कार्य की कोई जानकारी नहीं थी। अभी मैं इसकी जानकारी ले रहा हूं, इसी के बाद कुछ कह पाउंगा। पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेन्द्र ने बताया कि अभी सड़क बनने की जानकारी मिली है, हमें किसी ने भी इसकी जानकारी नहीं दी। हो सकता है एयरफोर्स की ओर से यह कार्य करवा जा रहा हो, वे ही इसकी जानकारी दे सकते हैं। यहां पर एयरफोर्स स्टेशन भी है। यह कब तक काम चलेगा इस बारे में जानकारी जुटाने के बाद ही कुछ पाउंगा। आमेर रोड से जो प्रवेश नहीं कर पा रहे है, वे ब्रह्मपुरी से जो मार्ग बनाया हुआ है, वहां से भी पहुंच सकते हैं।

### नाहरगढ़ फोर्ट की रोड खराब, इधर कब ध्यान जाएगा

बारिश के बाद नाहरगढ़ फोर्ट की तरफ भी जाने वाले रास्ते पर कई जगह बड़े-बड़े गड्डे हो गए है, लेकिन इस तरफ विभाग का ध्यान नहीं गया है। जानकारी के मुताबिक आमेर रोड से जयगढ़ फोर्ट तक यह सड़क बनाई जा रही है, ऐसे में पर्यटकों का कहना है कि नाहरगढ़ फोर्ट की तरफ सड़क का कार्य कब होगा। इस दिशा में कोई भी अधिकारी कुछ बोल भी नहीं पा रहे हैं।

## स्वस्थ नारी चेतना अभियान 7 से

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान का आयोजन 7 नवम्बर से जयपुर प्रथम जिले में किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत महिलाओं का को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्क्रीनिंग करी जाएगी व उपचार भी दिया जाएगा। यह अभियान आगामी 10 जनवरी 2025 तक आयोजित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्यअधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि राजस्थान में कैंसर से होने वाली अधिकांश मौतों के लिए तीन कॉमन कैंसर यथा ऑरल, ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर जिम्मेदार है। प्रारम्भिक अवस्था में कैन्सर मरीज की पहचान कर उपयुक्त उपचार करने से कैन्सर से होने वाली मृत्यु को कम किया जा सकता है। पिछले कुछ दशकों में कैंसर रोग का बोझ बढ़ा है और राजस्थान भी इस चुनौती का सामना कर रहा है। जिसका मुख्य कारण जीवनशैली में परिवर्तन, खान-पान, तम्बाकू सेवन, समय पर निदान नहीं होना, नियमित समुचित उपचार का अभाव एवं फॉलोअप का अभाव है। स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान 7 नवम्बर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में क्रियान्वित किया जायेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में महिलाओं की ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के संबंध में जागरूकता एवं स्क्रीनिंग किया जाना है। इस द्वि-मासिक स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान में जिले में आमजन को कैंसर के कारण, रोकथाम, उपचार और जटिलताओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।